श्यामानुरागमदविह्वलमोहनाङ्गी
श्यामामणिर्जयति कापि निकुञ्जसीम्नि ॥४६॥

दयिते =प्रियतम के
अङ्कस्थितेऽपि =गोद में विराजमान होने पर भी
अकस्मात् =अचानक
हा मोहन ! =हा मोहन ! हा मोहन !
इति =इस प्रकार
मधुरं =मधुर
प्रलापं =प्रलाप
विदधती =करती हुई (एवं)
श्यामानुराग =लाल जी के अनुराग में
मदविह्वल =मद से विह्वल
मोहनाङ्गी =मनोहर अङ्गवाली
कापि =कोई अनिर्वचनीय
श्यामामणिः =नित्य-किशोरी
निकुञ्ज सीम्नि =निकुञ्ज भवन में
जयति =सबसे ऊपर विराजमान हैं ।

इक श्यामा मणि कुञ्ज प्रान्त में ।
भ्राजति मोहनि मद विह्वल अनुरागवती निज श्याम कान्त में ।।
यद्यपि लाल उछंग अहै, कहि हा ! मोहन ! मोहन ! अकुलात ।
करति प्रलाप मधुर एकाइक रसद प्रेम वैचित्ति सुहात ।।

कुञ्जान्तरे किमपि जातरसोत्सवायाः
श्रुत्वा तदालपितसिञ्जितमिश्रितानि ।
श्रीराधिके! तव रहः परिचारिकाहं
द्वारस्थिता रसह्रदे पतिताकदा स्याम् ॥४७॥

श्री राधिके ! =हे श्री राधे !
कुञ्जान्तरे =कुञ्ज भवन में
किमपि =किसी अनिर्वचनीय

जातरसोत्सवायाः	=विहार रसोत्सव के समय
तदालपित	=वहाँ के वार्तालाप (एवं)
शिञ्जित	=आभरणों की झङ्कार की
मिश्रितानि	=मिश्रित ध्वनि
श्रुत्वा	=सुन करके
द्वारस्थिता	=कुञ्ज द्वार पर स्थित
अहं	=मैं
तव	=आपकी
रहः	=एकान्त
परिचारिका	=सेविका
कदा	=कब
रसह्रदे	=रस सरोवर में
पतिता	=डूब
स्याम्	=जाऊँगी।

हे राधे ! होइ कब अस भाग।
कुञ्ज भवन तुम प्रियतम सँग रहु रस उत्सव महँ पाग ॥
आपस कौ आलाप मधुर भूषण धुनि जामें व्यापी।
परिचारिका नियत तहँ द्वारे कुञ्ज सुनौं हिय धापी ।।
सुनत इकन्त अनिर्वचनी सोइ रस विह्वल ह्वै जाऊँ।
कुञ्जान्तर तुम, द्वारस्थित हौं, यों निज हित सरसाऊँ ॥

वीणां करे मधुमतीं मधुरस्वरां ता–
माधायनागर-शिरोमणिभाव-लीलाम् ।
गायन्त्यहो दिनमपारमिवाश्रु-वर्षै–
र्दुःखान्नयन्त्यहह साह्रदि मेऽस्तु राधा ॥४८॥

अहो !	=आश्चर्य है !
मधुरस्वरां	=मधुर स्वरों वाली
तां	=उस
मधुमतीं	=मधुमती नाम की
वीणां	=वीणा को
करे	=हाथ में
आधाय	=लेकर
नागरशिरोमणि	=नागर, श्री लाल जी की
भाव लीलां	=भावपूर्ण लीलाओं को
गायन्ती	=गाती हुई

अहह !	=अहो !	सा	=वे
अश्रु वर्षैः	=अश्रुओं की वर्षासे	राधा	=श्रीराधा जी
अपारमिव	पार रहित मानौं	मे	=मेरे
दिनं	=दिन को	हृदि	=हृदय में
नयन्ती	=बिताती हुई	अस्तु	=विराजमान हों।

बसौ उर प्रेम विह्वला राधा।
करति गान यश निज प्रीतम कौं मेटति विरहज बाधा ॥
कर कमलनि वीणा मधुमति लै भाव मयी बहु लीला।
रसिक शिरोमणि की गावति हैं दृगनि अश्रु सरसीला ॥
कलप समान अपार दिवस गनि यहि मिस आप बितातीं।
अहहा! क्यों करि कथा कहै कोउ निज हित पुलकित छाती ॥

अन्योन्यहासपरिहासविलास केली
वैचित्र्यजृम्भितमहारसवैभवेन।
वृन्दावने विलसतापहृतं विदग्ध-
द्वन्द्वेन केनचिदहो हृदयं मदीयम् ॥४६॥

अहो !	=आश्चर्य है !	विलसता	=विलास करनेवाले
अन्योन्य	=परस्पर के	केनचित्	=किसी (अनिर्वच-नीय)
हास परिहास	=विनोद युक्त		
विलास	=विहारमयी	विदग्ध	=रसिक
केलि	=क्रीड़ा की	द्वन्द्वेन	=युगल द्वारा
वैचित्र्य	=विचित्रता से	मदीयं	=मेरा
जृम्भित	=प्रकटित	हृदयं	=हृदय
महारस	=अति उज्ज्वल रसके	अपहृतम	=अपहरण कर लिया गया है।
वैभवेन	=चमत्कार से		
वृन्दावने	=श्रीवृन्दावन में		

चरण युगल जु हरयौ मन मोर।
करत हास-परिहास-निरन्तर केलिन ओर न छोर॥
अद्भुत महा विभव रस उछरत श्री वृन्दावन बीच।
नित्य विहार परायण दम्पति निज हित भजु रस सींच॥

महाप्रेमोन्मीलन्नवरससुधासिन्धुलहरी
परीवाहैर्विश्वं स्नपयदिव नेत्रान्तनटनैः।
तडिन्मालागौरं किमपि नवकैशोरमधुरं
पुरन्ध्रीणां चूडाभरणनवरत्नं विजयते॥५०॥

नेत्रान्त	=तिरछी चितवन के	किमपि	=अनिर्वचनीय
नटनैः	=नर्त्तन से	तडिन्माला	=विद्युत् पंक्ति के समान
महा प्रेमोन्मीलत्	=उज्ज्वल प्रेम द्वारा विकसित होते हुए	गौरम्	=उज्ज्वल
		नवं	=नूतन
नव	=नूतन	कैशोर	=किशोर वय से
रससुधा	=रसामृत	मधुरं	=मधुर
सिन्धु	=सागर के	पुरन्ध्रीणां	=व्रजनागरियों के
लहरी	=तरङ्गों की	चूड़ाभरण	=चूड़ा-भूषण का
परीवाहैः	=बाढ़ से	नवरत्नं	=नवीन रत्न (श्री राधा)
विश्वं	=विश्व को		
स्नपयदिव	=मानो स्नान कराने वाला	विजयते	=सर्वोत्कर्ष से विराजमान हैं।

सर्वजयी इक मधुर किशोरी।
व्रज नव तरुणि मुकुट मणि आभा तड़ित माल सम गोरी॥
चञ्चल नैंन नृत्य जनु नव रस प्रेमामृत महा सागर।
उठत तरंग विश्व प्लावित करि निज हित नित भजि आगर॥

अमन्दप्रेमाङ्कश्लथसकलनिर्बन्धहृदयं
दयापारं दिव्यच्छविमधुरलावण्यललितम् ।
अलक्ष्यं राधाख्यं निखिलनिगमैरप्यतितरां
रसाम्भोधेःसारंकिमपिसुकुमारंविजयते ।।५१।।

अमन्द	=तीव्र	दयापारं	=अपार दयालु
प्रेमाङ्क	=प्रेम की छाप से (जिसके)	निखिल	=समस्त
श्लथ सकल	=समस्त हृदय के (मान आदि)	निगमैःअपि	=वेदों से भी
निर्बन्ध-हृदयं	=बन्धन विगलित हो गये हैं (तथा)	अतितरां	=अत्यन्त
दिव्यच्छवि	=अलौकिक कान्ति से युक्त	अलक्ष्यं	=अलक्षित
मधुर	=मधुर	रसाम्भोधेः	=रस सागर के
लावण्य	=लावण्य से	सारं	=सार स्वरूप
ललितं	=सुन्दर (एवं)	किमपि	=किसी अनिर्वचनीय
		राधाख्यं	=राधा नामक
		सुकुमारं	=सुकुमार तत्त्व की
		विजयते	=जय हो ।

जै ज श्री राधा सुकुमारी ।
रस सागर की सार स्वरूपा अगम निगम महिमारी ।।
उद्भट प्रेम प्रवाहित उर सों हिय बन्धन सब ढीले ।
सीमा दया दिव्य लौनी छवि मधुर ललित मति कीलै ।।

दुकूलं बिभ्राणामथ कुचतटे कंचुकपटं
प्रसादं स्वामिन्याः स्वकरतलदत्तं प्रणयतः
स्थितां नित्यं पार्श्वे विविधपरिचर्य्यैकचतुरां
किशोरीमात्मानं किमिह सुकुमारीं नु कलये ।।५२।।

स्वामिन्याः = अपनी श्रीस्वामिनी जीं के द्वारा
प्रणयतः = प्रेम पूर्वक
स्वकरतल = अपने ही कर-कमल से
दत्तां = दी हुई
प्रसादं = प्रसादी
दुकूलं = ओढ़नी (सिर पर)
अथ = तथा
कुचतटे = वक्षस्थल पर
कञ्चुकपटं = चोली को
बिभ्राणाम् = धारण करती हुई

विविध परि- = अनेक प्रकार की
चर्य्यैक चतुरां सेवा में एकमात्र निपुण
नित्यंपार्श्वे = नित्य समीप ही
स्थितां = स्थित
किमिह = क्या इस जीवन में (मैं)
आत्मानं = अपने आपको
सुकुमारीं = सुकुमारी
किशोरीं = किशोरी रूप में
कलये नु = निश्चय से अनुभव करूँगी ?

निज अन्तः वपु कबहुँ निहारौं।
हे स्वामिनी ! निकट तुव रहि नित सेवा चतुर सँभारौं ॥
अस किशोरि सुकुमारि किंकरी रूप विवश हिय भींजे ।
निज उत्तीर्ण दुकूल कञ्चुकी प्रेम प्रसादी दीजे ॥
धारण करौं ताहि कुच तट पै रहौं चरण अनुरागिनि ।
निजि हित अहह ! चाह केवल यहि सूझी हित पद लागिनि ॥

विचिन्वन्ती केशान् क्वचन करजैः कंचुक पटं
क्व चाप्यामुञ्चन्ती कुचकनकदीव्यत्कलशयोः ।
सुगुल्फे न्यस्यन्ती क्वचन मणिमञ्जीरयुगलं
कदा स्यां श्रीराधे तव सुपरिचारिण्यहमहो ॥५३॥

अहो = आश्चर्य है
श्रीराधे = हे श्रीराधे !

क्वचन = कभी तो
केशान् = आपके केशों को

कर्जैः =नख-प्रान्त द्वारा
विचिन्वन्ती =सुलझाती हुई
क्वचापि =और कभी फिर
कुचकनक =स्वर्ण कलश समान
दीव्यत्कलशयोः=देदीप्यमान वृक्ष पर
कंचुकपटं =चोली को
आमुञ्चन्ती =पहिनाती हुई
क्वचन =कभी फिर
मणिमंजीर =मणिजटित युगल
युगलं नूपुरों को
सुगुल्फे =सुन्दर टखनों पर
न्यस्यन्ती =बाँधती हुई
अहं =मैं
कदा =क्या कभी
तव =आपकी
सुपरिचारिणी=सुन्दर सेविका
स्याम् =बन सकूँगी ?

परिचर्या अस कबहुँ सँभारौं।
श्रीराधे ! कर नख सों कुञ्चित सघन केश निरवारौं॥
कञ्चुकि कनक कलश कुच कमनी वर्तुल पै पहिराऊँ॥
निज हित उभय गुल्फ मणिमय नूपुर पहिराइ सजाऊँ॥

अतिस्नेहादुच्चैरपि च हरिनामानि गृणत—
स्तथा सौगन्धाद्यैर्बहुभिरुपचारैश्च यजतः।
परानन्दं वृन्दावनमनुचरन्तं च दधतो
मनो मे राधायाः पदमृदुलपद्मे निवसतु॥५४॥

अतिस्नेहात् =अत्यन्त प्रेम से
अपि च= तथा
उच्चैः =ऊँचे स्वर से
हरिनामानि=प्यारेलाल के नामों का
गृणतः =सङ्कीर्तन करते हुए
तथा =तथा
सौगन्धाद्यैः=सुगन्धि पूर्ण
बहुभिः =बहुत प्रकार की
उपचारैः =सामग्रियों से
यजतः =पूजन करते हुए
च =और
वृन्दावन =वृन्दावन का
अनुचरन्तम्=अनुसरण करते हुए
परानन्दम् =परमानन्द को

दधतः =धारण करते हुए
मे =मेरा
मनः =मन
राधायाः =श्रीराधाजी के
पद मृदुल पद्मे =कोमल पद-कमलों में
निवसतु =निवास करे

बसौ पद पद्म सदा मो मन में।
तुम्हरे श्रीराधे ! जब विचरौं आह्लादित श्री वन में।।
उच्च स्वरनि सनेह युक्त हिय सों हरि नाम उच्चारौं।
सौरभ युत उपचारन सों पूजन निज हित विस्तारौं।।

निजप्राणेश्वर्या यदपि दयनीयेयमिति मां
मुहुश्चुम्बत्यालिङ्गति सुरतमाध्व्या मदयति।
विचित्रां स्नेहर्द्धिं रचयति तथाप्यद्भुतगते—
स्तवैव श्रीराधे पदरसविलासे मम मनः ।।५५।।

श्रीराधे ! =हे श्री राधे !
इयं =यह किङ्करी
निज =मेरी
प्राणेश्वर्याः =प्राणेश्वरी की
दयनीया =दया की पात्र है
इति =ऐसा समझकर (प्रियतम)
मां =मेरा
मुहुश्चुम्बति =बार बार चुम्बन
आलिङ्गति =आलिङ्गन करते हैं
=(तथा)
सुरतमाध्व्या =सुरत रस माधुरी से
मदयति =मत्त बना देते हैं
विचित्रां =विचित्र प्रकार से
स्नेहर्द्धि =स्नेह वृद्धि भी
रचयति =करते हैं
तथापि =फिर भी
अद्भुतगतेः =अद्भुत प्रभाव वाले
तवैव =आपके ही
पदरस विलासे =चरणकमलों के रसमय विलास में
मम =मेरा
मनः =मन (रहता है)

मो मन केवल रहत हुलास ।
हे श्री राधे ! होउँ किंकरी तुव पद-पंकज खास ।
यद्यपि भाजन कृपा जानि तुव अद्भुत कौतुक शील ॥
प्रियतमलाल करत मुहि चुम्बन पुनि-पुनि उर रस झील ॥
मदिरा सुरत पिवाय मत्त करि नेह गहन दरसाते ।
रचना अति विचित्र वैभव बहु निजहित प्रगटत ताते ॥

प्रीतिं कामपि नाममात्रजनितप्रोद्दामरोमोद्गमां
राधामाधवयोः सदैव भजतोः कौमार एवोज्ज्वलाम् ।
वृन्दारण्यनवप्रसूननिचयानानीय कुञ्जान्तरे
गूढं शैशवखेलनैर्बत कदा कार्य्यो विवाहोत्सवः॥ ५६॥

नाम मात्र =(परस्पर) नाम-मात्र लेने से
जनित =उत्पन्न हुए
प्रोद्दाम =अबाध
रोमोद्गमाम् =रोमाञ्चसे युक्त
कामपि =किसी अनिर्वचनीय
उज्ज्वलां =उज्ज्वल
प्रीतिं =प्रीति को
सदैव =निरन्तर (निश्चित)
कौमार =कुमार अवस्था में
एव =ही
भजतोः =धारण करने वाले
राधामाधवयोः =राधामाधव का
वृन्दारण्य =वृन्दावन के
नव प्रसून =नूतन पुष्प-
निचयान् =समूह को
आनीय =चयन कर
बत =आनन्द पूर्वक
शैशव =बाल्यावस्था के
खेलनैः =खेल द्वारा
गूढ गुप्त रूप से
विवाहोत्सवः =विवाह उत्सव
मया =मेरे द्वारा
कदा =कब
कार्य्यः =रचा जायगा ?

गहन कुञ्ज में रचौं ब्याहुलौ ।
खेल खेल में हर्षित ह्वै बालक सम प्रेम उमाहिलौ ।।
राधा माधव नव कुमार वय उज्ज्वल अकथ प्रकासी ।
करत परस्पर नाम गान सों मुदित पुलकि रस-रासी ।।
ऐसे युगल इष्ट वृन्दावन पुष्प चयन बहु करके ।
निजहित प्रीत सहित उत्सव यौं ~~निर्जहित~~ रचिहौं वरनी-वर के ।।

विपञ्चितसुपञ्चमं रुचिरवेणुना गायता
प्रियेण सहवीणया मधुरगानविद्यानिधिः ।
करीन्द्रवनसम्मिलन्मदकरिण्युदारक्रमा
कदा नु वृषभानुजा मिलतु भानुजारोधसि ।।५७।।

वीणया = वीणा द्वारा
मधुरगान = मधुर गायन करने की
विद्यानिधि: = विद्या में निधान, एवं
करीन्द्र = गजराज से
वन सम्मिलन् = वन में मिलती हुई
मद = मतवाली
करिण्युदारक्रमा = हथिनी के समान मन्द गति वाली
वृषभानुजा = वृषभानु कुमारी

विपञ्चित = वीणा में गाये हुए
सुपञ्चमम् = सुन्दर पञ्चम राग को
रुचिर = मनोहर
वेणुना = वेणु से
गायता = गान वाले
प्रियेण सह = प्रियतम के साथ
कदानु = क्या कभी
भानुजा = श्री यमुनाजी के
रोधसि = तट पर
मिलतु = मिलेंगी

भानुनन्दिनी प्रियतम संग ।
मिलें तीर यमुना मुहि ज्यौं इक विहरति मद करिणी गज अंग ।।
ठुमकि धरति पग चाल मत्त गज वीणा मधुर बजाती ।
कला प्रबीन लाल लखि छेड़ी वंशी तान सुहाती ।।

स्वर पञ्चम सँग तान मिलावत तव वीणा अनुसार।
यों निज हित दम्पति विलसत रस रविजा तट सुख सार॥

सहासवरमोहनाद्भुतविलासरासोत्सवे
विचित्रवरताण्डवश्रमजलार्द्रगण्डस्थलौ।
कदा नु वरनागरीरसिकशेखरौ तौ मुदा
भजामि पदलालनाल्ललितजीवनं कुर्वती॥५८

सहास =परिहास सहित
वर =अत्यन्त
मोहनाद्भुत=विचित्र मनोहर
विलास =क्रीड़ामय
रासोत्सवे =रासोत्सव में
विचित्रवर=असाधारण
ताण्डव =नृत्य द्वारा
श्रमजलार्द्र=श्रम जल से भीजे हुए
गण्डस्थलौ=कपोल युगलवाले
तौ =उन दोनों
वर नागरी =श्रेष्ठ नागरी(तथा)
रसिकशेखरौ=रसिक शेखर लाल जो के
पदलालनात्=चरण कमलों के सम्वाहन से
ललित जीवनं=अपने जीवन को आह्लादित
कुर्वती =बनाती हुई
कदानु =क्या कभी
मुदा =प्रेम से
भजामि =सेवन करूँगी

आनिन्दित कब भजन बनैगो।
प्रिया नागरी लाल रसिक शेखर पद लालन प्रीति जनैगो॥
जब अद्भुत विलास अरु रासोत्सव छाके मन मोद मनाते।
अति उत्कृष्ट नृत्य गति लेते श्रमकन गण्ड सुहाते॥
भीजे रस दरसतु अति कमनी युगल दरस यों पाऊँ।
जीवन होय सहज सुन्दर तब निज हित लहि सरसाऊँ॥

वृन्दारण्यनिकुञ्जमञ्जुलगृहेष्वात्मेश्वरीं मार्गयन्
हा राधे सविदग्धदर्शितपथं किं यासिनेत्यालपन् ।
कालिन्दीसलिले च तत्कुचतटीकस्तूरिकापङ्किले
स्नायं स्नायमहो कुदेहजमलं जह्यां कदा निर्मलः॥५६॥

अहो = आश्चर्य है
वृन्दारण्य = श्री वृन्दावन के
निकुञ्ज = निकुञ्ज रूपी
मञ्जुल ग्रेहषु = सुन्दर सदन में
आत्मेश्वरीं = अपनी स्वामिनी की
मार्गयन् = खोज करती हुई (मिलने पर)
हा राधे = हा राधे
सविदग्ध = जहाँ रसिक शिरोमणि (विराजमान) हैं
दर्शित = मेरे द्वारा) उस निर्दिष्ट
पथं = पंथ पर
किं न यासि = क्यों नहीं जाती हो
इति आलपन् = इस प्रकार कहती
च = और
तत् = उनके
कुचतटी = वक्षस्थल के
कस्तूरिका = मृगमद से
पङ्किले = मिश्रित
कालिन्दी = श्री यमुनाजी के
सलिले = जल में
स्नायं स्नायं = बार बार स्नान करती हुई
कदा = कब
कुदेहज = कुत्सित देह जन्य
मलम् = मल (कामादि) का
जह्याम् = त्याग करूँगी (और)
निर्मलः = निर्मल बनूँगी ।

यमुना तुव कुच मृगमद गंधित ।
पुनि पुनि मज्जित हुइ है निर्मल मल कुदेह सम्बन्धित ॥
हा राधे! श्री वृन्दावन कहँ तुम कौं पथ दरसाती ॥
पिय नागर प्रति संग लै चलौं कुञ्ज भवन अलसाती ॥

इहै भाव आवेश करौं अन्वेषण वृन्दावन में।
तुमहि स्वामिनी इतउत विचरति निजहित पदरति मन में।।

पादस्पर्शरसोत्सवं प्रणतिभिर्गोविन्दमिन्दीवर—
श्यामं प्रार्थयितुं सुमञ्जुल रहः कुञ्जांश्च संमार्जितुम्।
मालाचन्दनगन्धपूररसवत्ताम्बूलसत्पानका—
न्यादातुं च रसैकदायिनि तव प्रेष्या कदा स्यामहम्।।६०।

रसैक दायनि = हेरस की एकमात्र दात्री! (आपको)
प्रणतिभिः = प्रणाम करते समय
पादस्पर्श = पाद स्पर्श से
रसोत्सवं = रसमय उत्सव सम्पन्न
इन्दीवरश्यामं = नील-कमल सम श्याम
गोविन्दम् = गोविन्द के प्रति
प्रार्थयितुम् = प्रार्थना करने के लिये
च श्रीर
सुमञ्जुल = अत्यन्त मनोहर
रहः = एकान्त
कुञ्जान् = कुञ्ज सदन का
सम्मार्जितुम् = मार्जन करने के हेतु
च = और
माला चन्दन = माला चन्दन
गन्धपूर = सुगन्धि से युक्त
रसवत्ताम्बूल = रसीले ताम्बूल
सत्पानकानि = रुचिर पेय पदार्थ
आदातुं = लाने के निमित्त
अहं = मैं
कदा = कब
तव = आपकी
प्रेष्या = किङ्करी
स्याम् = बनूंगी?

ऐसी सेवा कब मुहि दै हौ।
रस दात्री इकमात्र स्वामिनी! इति विनय सुनि लै हौ।।
तुम पै अति विनीत श्री लालहि प्रेरित करि जु मिलाऊँ।
यह रस उत्सव परसन लोलुप जबहि तुम्हें लखि पाऊँ।।

करौं मार्जित कुञ्ज लिये चन्दन अरु कुसुमनि माल।
रसद पान अरु इत्र दान पहुँचाऊँ तहँ तत्काल॥
कछु सुस्वादी पेय पदारथ प्रस्तुत करौं सुजान।
यह सेवा निज हित पाऊँ यदि मानौं भाग्य महान॥

लावण्यामृतवार्त्तया जगदिदं संप्लावयन्ती शर-
द्राकाचन्द्रमनन्तमेव वदनज्योत्स्नाभिरातन्वती।
श्रीवृन्दावनकुञ्जमंजुगृहिणी काप्यस्ति तुच्छामहो
कुर्वाणाखिलसाध्यसाधनकथां दत्वा स्वदास्योत्सवम् ॥६१

इदं	=इस
जगत	=जगत् को
लावण्यामृत	=आभापूर्ण अमृत-मयी
वार्त्तया	=वाक्चातुरी से
सम्प्लावयन्ती	=सम्यक् मज्जन कराती हुई (एवं)
वदन	=मुख (चन्द्र की)
ज्योत्स्नाभिः	=चाँदनी से
शरद्	=शरत्कालीन
राकाचन्द्रमनन्तम्	=पूर्णमासी के चन्द्रमा को अनंत रूप से
एव आतन्वती	=विस्तृत करती हुई
अहो	=आश्चर्य्य है कि
स्वदास्योत्सवं	=स्वकीय कैङ्कर्य्यरूप उत्सव
दत्वा	=देकर
अखिल	=समस्त
साध्य	=साध्य
साधन	=साधनों की
कथां	=चर्चा को
तुच्छां	=अत्यन्त नगण्य
कुर्वाणा	=करती हुई
कापि	=कोई अनिर्वचनीय
श्रीवृन्दावन	=श्री वृन्दावन कुञ्ज
कुञ्ज मञ्जु	=सदन की मनोज्ञा
गृहिणी	=स्वामिनी
अस्ति	=विराजमान है

सुनौ कौतुक अनुपम दै कान।
श्रीवृन्दावन कुञ्ज भवन मञ्जुल स्वामिनि की बान॥

अखिल जगत प्रति सुधा गिरा छवि प्लावित करति सुजान ।
शरद अनन्त इन्दु सम आनन ज्योति देति हित सानि ॥
एसो अगम दास्य उत्सव निज हित दै राख्यौ दान ।
तुच्छ किये सब साधन साध्य कथा नहिं अन्य सुहान ॥

दृष्ट्या यत्र क्वचन विहिताम्रेडने नन्दसूनोः
प्रत्याख्यानच्छलत उदितोदारसंकेतदेशा ।
धूर्त्तेन्द्रत्वद्भयमुपगता सा रहो नीपवाट्यां
नैका गच्छेत्कितव कृतमित्यादिशेत्कर्हि राधा ॥६२॥

नन्दसूनोः	=श्रीनन्दलालजी की	उपगता	=प्राप्त हुई
दृष्ट्या	=दृष्टि से	सा	=वह (हमारी स्वामिनी)
यत्र	=जब	रहः	=एकान्त
क्वचन	=कभी	नीपवाट्यां	=कदम्ब वाटिका में
विहिताम्रेडने	=अनुनय विनय करने पर	एका	=अकेली
प्रत्याख्यान-च्छलतः	=टालने के बहाने	न गच्छेत्	=नहीं जाएगी
उदितोदार-संकेतदेशा	=सुखप्रद संकेतदेश को बताने वाली	इति कृतम	=इस प्रकार की वचन रूपी रचना का
हे कितव	=हे कपटी !	राधा	=श्रीराधा
हे धूर्त्तेन्द्र	=हे धूर्त्तराज !	कर्हि	=कब (मुझे)
त्वद्भयं	=तुम्हारे भय को	आदिशेत्	=आदेश देंगी

निज सँग अनुचरि कीजे मोहि ।
आशङ्कित पिय पै न पधारौ हिय तुव भय युत होहि ॥
हे हे कितव ! हे धूर्त्त शिरोमणि! करो विनय बहु बार ।
प्रिया तुरत संकेत कियो थल कुञ्ज कदम्ब निहार ॥
पै श्री लाड़िलि भय विह्वल चित इकली तुम्हरे साथ ।
जाय न निज हित स्वयं करें आदेश सखी गहि हाथ ॥

सा भ्रूनर्त्तनचातुरी निरुपमा सा चारुनेत्राञ्चले
लीलाखेलनचातुरी वरतनोस्तादृग्वचश्चातुरी।
संकेतागमचातुरी नवनवक्रीडाकलाचातुरी
राधाया जयतात्सखीजनपरीहासोत्सवे चातुरी ॥६३॥

वरतनो राधायाः=कमनीय कलेवर श्रीराधा की
सा =वह
निरुपमा =उपमा रहित
भ्रूनर्त्तन =भृकुटी नचाने की
चातुरी =कुशलता
सा =वह
चारुनेत्राञ्चले =मनोहर नेत्र प्रान्त की
लीलाखेलन चातुरी =लीलापूर्वक संचालन निपुणता
सा =वह
तादृग्वचश्चातुरी=तैसी ही वचन रचना की वाग्मिता चातुरी

संकेतागम =संकेत स्थान में आगमन की
चातुरी =तत्परता
नव नव =नवीन नवीन
क्रीडाकलाचातुरी=क्रीडाविलास की कला (कोक) पूर्ण स्फूर्ति रूप चातुरी
आत्मसखीजन=अपनी सखी जन के मध्य में
परीहासोत्सवे=हास परिहास
जयतात् (रञ्जन) की चातुरी (विदग्धता) की जय हो।

उन्नत परमोन्नत चतुराई।
भरी अहो राधा - पिय कारण - महिमा अगम कहै को गाई ॥
अनुपम भ्रुवनि नृत्य की चातुरि - दृग कमनीय कटाक्ष सहाई।
लीला पूर्ण वदन सों वच-रच चतुराई आलक्षित पाई ॥
रहसि मिलन संकेत चातुरी नव नव केलि कला हुलसाई।
परिकर सों परिहास हास आनन्द चातुरी निज हित भाई ॥

**उन्मीलन्मिथुनानुरागगरिमोदारस्फुरन्माधुरी
धारासारधुरीणदिव्यललितानङ्गोत्सवैः खेलतोः ।
राधामाधवयोः परं भवतु नश्चित्ते चिरार्त्तिस्पृशोः
कौमारे नवकेलिशिल्पलहरीशिक्षादिदीक्षारसः ॥६४॥**

उन्मीलन्	=विकसित हुए	कौमारे	=कुमारावस्था में ही
मिथुनानुराग	=परस्पर के प्रेम	चिरार्तिस्पृशोः	=चिरकाल से पीड़ित
गरिमोदार	=गौरव से उदार रूपेण	राधामाधवयोः	=राधामाधव की
स्फुरन्माधुरी	=प्रस्फुटित होतीहुई माधुरी की	नव केलि	=नूतन विलास की
धारासार	=धारा की बाढ़ में	शिल्प लहरी	=तरङ्गपूर्ण रचना के
धुरीण	=मुख्य	शिक्षादि	=शिक्षण आदि रूप
दिव्य	=अलौकिक	दीक्षा	=समर्पण का
ललितानङ्ग	=प्रेम के	रसः	=रस ही
उत्सवैः	=उत्सव वश	परं	=केवल
खेलतोः	=खेलते हुए	नश्चित्ते	=हमारे चित्त में
		भवतु	=स्थित रहे ।

कोक केलि कल शिक्षा दीक्षा ।
राधा माधव नव कुमार दोउ सिखैं परस्पर करैं परीक्षा ॥
परम मधुर उन्नत उदार अनुराग परस्पर दरसै ।
जाते सार मधुर रस धारा धुरी सर्व दिश परसै ॥
ललित दिव्य तम मनसिज उत्सव क्रीड़ा दोउनि जिय में ।
मथित भए जिहि ते मिथुनी ह्वै हाव भाव रतिपिय में ॥
अस चातुरी अनंग तरंगें परम अबाध जु रस की ।
उचित रहैं कब हूं निज हित उर यहै चाह रहै कसकी ॥

कदा वा खेलन्तौ व्रजनगरवीथीषु हृदयं
हरन्तौ श्रीराधाव्रजपतिकुमारौ सुकृतिनः ।
अकस्मात् कौमारे प्रकटनवकैशोरविभवौ
प्रपश्यन्पूर्णः स्यां रहसि परिहासादिनिरतौ ॥६५॥

व्रजनगर वीथीषु	=व्रजपुर की गलियों में	सुकृतिनः	=किसी भाग्यशाली के
खेलन्तौ	=खेलते हुए	हृदयं	=मन को
अकस्मात्	=सहसा	हरन्तौ	=चुराते हुए
कौमारे	=कुमारावस्था में ही	श्री राधा व्रज-पति कुमारौ	=श्रीराधा तथा नंदनन्दन को
प्रकट नव-कैशोर विभवौ	=किशोर अवस्था के वैभव को प्रकट करने वाले	प्रपश्यन्	=भलीभाँति देखता हुआ
रहसि	=एकान्त	कदा वा	=क्या कभी मैं
परिहासादि	=हास परिहास में	पूर्णः	=कृतार्थ
निरतौ	=निरन्तर लगे हुए (एवं)	स्याम्	=होऊँगा।

प्रेम केलि सुकृतिन जन मोहै ।
ज़ब राधा व्रजपति सुत वीथिनु व्रज पुर खेलत सोहैं ॥
क्रम सों वय कौमार बीति कैशोर विभव तन छायौ ।
मगन दिव्य परिहास हास दोउ मनसिज मनहि समायौ ॥
ऐसे रस परिपूरण दोउन एकाएक निहारौं ।
निजहित उर धरि पूर्ण युगलछवि तन-मन-धन सब वारौं ॥

धम्मिल्लं ते नवपरिमलैरुल्लसत्फुल्लमल्ली-
मालंभालस्थलमपि लसत्सान्द्रसिन्दूरबिन्दु ।

दीर्घापाङ्गच्छविमनुपमां चारु चन्द्रांशु हासं
प्रेमोल्लासं तव तु कुचयोर्द्वन्द्वमन्तः स्मरामि ॥६६॥

(हे श्रीराधे मैं)

नव परिमलैः	=नूतन (व) अतिशय सुगन्ध पूर्ण
उल्लसत् फुल्ल-मल्लीमालम्	=उल्लसित (विकसित) हुई पुष्पित मल्ली मालाओं से युक्त
ते	=आपके
धम्मिलं	=केश पाश को
अपि	=तथा
लसत्सान्द्र-सिन्दूर बिन्दु	=सघन सिंदूरबिन्दु से शोभित
भालस्थलम्	=ललाट प्रदेश को,
अनुपमां	=अनुपम
दीर्घापाङ्ग-च्छविम्	=कर्णायत नेत्रप्रान्त की छटा को तथा
चारुचन्द्रांशु-हासम्	=चन्द्र किरण के समान मनोहर हास्य को (और)
प्रेमोल्लासम्	=प्रेम के उल्लास से भरे
तवतु	=आपके
कुचयोर्द्वन्द्वम्	=कुच युगल को
अन्तः	=अपने मन में
स्मरामि	=स्मरण करती हूँ

सो किशोर वपु सुमिरौं स्वामिनि ।
श्रीराधे ! किंकरि पद याचौं कृपा करौ अभिरामिनि ॥
नूतन पुहुप मल्लि सौरभ युत भाल गुथी तुव वेणी ।
तहँ विशाल सिन्दूर बिन्दुका-अद्भुत शोभा श्रेणी ॥
दृग दीरघ अनुपम कटाक्ष छवि प्रेम प्रकासी हास्य ।
अति उल्लसित उरोज युगल निज हित के सतत उपास्य॥

लक्ष्मीकोटिविलक्ष्यलक्षणलसल्लीलाकिशोरीशतै—
राराध्यं व्रजमण्डलेति मधुरं राधाभिधानं परम् ।
ज्योतिः किञ्चन सिञ्चदुज्वलरसप्राग्भावमाविर्भव—
द्राधे चेतसि भूरिभाग्यविभवैः कस्याप्यहो जृम्भते॥६७॥

अहो	=आश्चर्य है	सिञ्चत्	=सेचन करती हुई
लक्ष्मी कोटि-	=कोटि २ लक्ष्मी	अति मधुरं	=महा मधुर
विलक्ष्य लक्षण	मण्डल में लसित	राधाभिधानं	=श्रीराधा नामक
लसल्लीला	होनेवाले लक्षणों	किञ्चन	=कोई अनिर्वचनीय
किशोरीशतैः	से विभूषित लीलामयी शतशत किशोरीगणों से	परं ज्योतिः	=दिव्य ज्योति
		आविर्भवद्राधे	=आराधना के प्राकट्य से युक्त
व्रजमण्डले	=व्रजमण्डल में	कस्यापि	=किसी महापुरुष के
आरध्यं	=आराधन (उपासना) योग्य	चेतसि	=चित्त में
		भूरिभाग्य	=अतिशय सौभाग्य
उज्ज्वलरस	=शृङ्गार रस के	विभवैः	गौरव से
प्रागभावं	=पूर्वभाव का	जृम्भते	=प्रकट होती है।

परमाराध्य तत्व इक राधा।
मधुर ज्योति उज्ज्वल रस सिञ्चै पूर्वराग जिन साधा॥
जो व्रज ललना निज लीला सों कोटि रमा छवि लाजैं।
यूथ यूथ शत शत किशोरियों के उर में जो भ्राजैं॥
अस दीपित ज्योती व्रज बसि जे रसिक शिरोमणि ध्यावैं।
तिन मधि काहू बड़भागी के उर में निज हित आवैं॥

तज्जीयान्नवयौवनोदयमहालावण्यलीलामयं
सान्द्रानन्दघनानुरागघटितश्रीमूर्त्तिसम्मोहनम्।
वृन्दारण्यनिकुञ्ज-केलिललितं काश्मीरगौरच्छवि
श्रीगोविन्द इव व्रजेन्द्रगृहिणी प्रेमैकपात्रं महः॥६८॥

नव यौवनोदय	=नूतन कैशोर के उदय से	लीलामयं	=लीलाओं के स्वरूप वाला
महा लावण्य	=महा लावण्य (कान्ति) मयी	सान्द्रानन्द	=सघन आनन्द के
		घनानुराग	=निविड़ अनुराग

घटित	=रचित
श्रीमूर्त्ति-	=श्रीविग्रह लालजी
सम्मोहनं	=को सम्यक् मोहित करने में समर्थ
वृन्दारण्य-निकुञ्ज	=श्रीवृन्दावन कुञ्ज-सदन की
केलिललितं	=केलि रचना से मधुर
श्रीगोविन्द इव	=श्री गोविन्द की तरह
व्रजेन्द्र गृहिणी	=व्रजेन्द्र गृहिणी-यशोदा जी का
प्रेमैक पात्रं	=अद्वितीय प्रीति-भाजन
काश्मीर-गौरच्छवि	=केसर के समान गौर कान्तियुक्त
तत्	=वह
महः	=तेज
जीयात्	=सर्वोत्कर्ष रूप से विराजमान हो

जै जै सोई अद्भुत ज्योती ।
व्रजपति महरि प्रेम की भाजन गोविंद सम इकलौती ॥
नव नव उदित किशोर प्रकासै अद्भुत कमनी लीला ।
घन अनुराग अनन्द श्याम वपु जनु छविवश करि कीला ॥
केशरि वर्ण गौर छवि नव नव श्री वन कुञ्ज विलासिनि ।
परम ललित निजहित सर्वोपरि हौं ता की जु उपासिनि ॥

प्रेमानन्दरसैकवारिधिमहाकल्लोलमालाकुला
व्यालोलारुणलोचनाञ्चलचमत्कारेण संचिन्वती ।
किञ्चित् केलिकलामहोत्सवमहो वृन्दाटवीमन्दिरे
नन्दत्यद्भुतकामवैभवमयीराधा जगन्मोहिनी ॥६६॥

प्रेमानन्द	=प्रेमानन्द (प्रेमोत्थित आनन्द)
रसैक	=रस के एक मात्र
वारिधि	=सागर की
महा	=उत्ताल
कल्लोलमाला-	=तरङ्गावली से
आकुला	=युक्त

व्यालोलारुण	=अतिशय चञ्चल रक्त वर्ण
लोचनाञ्चल	=नेत्र प्रान्त की
चमत्कारेण	=चमत्कारिता से
किञ्चित्	=कुछ
केलिकला	=केलि कलाओं के
महोत्सवं	=महान् उत्सव का
सञ्चिन्वती	=संचय करती हुई
अद्भुत्	=अनिर्वचनीय
कामवैभवमयी	=विचित्र काम-सम्पत्ति स्वरूपा
जगन्मोहिनी	=अखिल भुवन-मोहिनी
राधा	=श्रीराधा
वृन्दाटवी-मन्दिरे	=वृन्दावन के निकुंज मन्दिर में
नन्दति	=समृद्धि को प्राप्त हो रही हैं

वृन्दाविपिन निकुञ्ज भवन में।
करति विहार अनन्दित राधा कोक कुशल सब जग मोहन में॥
अद्भुत केली कला महोत्सव सींचति चञ्चल कोर कटाक्ष।
प्रेमानन्द रसाम्बुधि लहरी आकुल निजहित प्रकटति साक्षि॥

वृन्दारण्यनिकुञ्जसीमनि नवनवप्रेमानुभावभ्रम—
दभ्रूभङ्गीलवमोहितव्रजमणिर्भक्तैकचिन्तामणिः ।
सान्द्रानन्दरसामृतस्रवमणिः प्रोद्दामविद्युल्लता
कोटिज्योतिरुदेति कापि रमणी चूडामणिर्मोहिनी ॥७०

नवप्रेमानुभाव	=नूतन प्रेम की चेष्टा से
भ्रमत्	=चञ्चल
भ्रूभङ्गी	=भ्रू विलास के
लव	=लेशमात्र से
मोहित व्रज-मणिः	=व्रजमणि लालजी को मोहित करने वाली
भक्तैक	=भक्तों की एकमात्र
चिन्तामणिः	=चिन्तामणि
सान्द्रानन्द रसामृत	=सघन आनन्द रस के अमृत की
स्रवमणिः	=निर्झर मणि
प्रोद्दाम	=निरावरण
विद्युल्लता कोटि ज्योतिः	=कोटि २ विद्युत्-लताओं के समान

	दीप्तिशालिनी	मणिः	=शिरोमणि
कापि मोहिनी	=कोई अशेष को मोहित करनेवाली	वृन्दारण्य-निकुञ्ज सीमनि	=वृन्दावन के निकुञ्ज प्रदेश में
रमणी चूडा-	=रमणीवृन्द की	उदेति	=प्रकट हो रही है।

सीमा प्रान्त निकुञ्ज भवन में।
रमणी एक महा मोहिनि चूड़ामणि युवतिन गन में॥
करि प्रकाश नव प्रेम प्रपाटी चञ्चल भ्रूभङ्गी में॥
लेश निरखि व्रजमणि-मोहन-द्याप्यौं वपु त्रयभङ्गी में॥
भक्तन अतुल दिव्य चिन्तामणि स्रवै अमृत रस सागर।
अङ्गनि कोटि कोटि चपलाद्युति प्रकटति निज हित आगर॥

लीलापाङ्गतरङ्गितैरुदभवन्नेकैकशः कोटिशः
कन्दर्पाः पुरुदर्पटंकृतमहाकोदण्डविस्फारिणः।
तारुण्यप्रथमप्रवेशसमये यस्या महामाधुरी—
धारानन्तचमत्कृता भवतु नः श्रीराधिका स्वामिनी॥७१॥

यस्याः	=जिनके	विस्फारिणः	=खींचने वाले
तारुण्य	=तरुणावस्था में	कोटिशः	=असंख्य
प्रथम प्रवेश	=प्रारम्भिक प्रवेश	कन्दर्पाः	=कामदेव
समये	करते समय	उदभवन्	=उत्पन्न होते रहते हैं
लीलापाङ्ग	=विलासमय कटाक्ष पात की	महा माधुरी	=महा माधुरी की
		धारानन्त	=अनन्त धाराओं से
तरङ्गितैः	=तरङ्गावली से	चमत्कृता	=चमत्कारयुक्त (वे)
एकैकशः	=एक एक बार में	श्री राधिका	=श्री राधिका
पुरुदर्पटङ्कृत	=अखर्व गर्व से टङ्कार करके	नः	=हमारी
		स्वामिनी	=स्वामिनी
महाकोदण्ड	=विशाल चाप को	भवतु	=हों।

अहो चमत्कृति राधा स्वामिनि ।
महा माधुरी महती धारा तरुण अवस्था उदित भामिनि ॥
नैंन कोर ते हाव भाव युत नृत्य कटाक्षिन क्षण क्षण विकसैं ।
करत महा टङ्कार काम-धनु लिये कोटि निज हित तहँ निकसैं ॥

यत्पादाम्बुरुहैकरेणुकणिकां मूर्ध्ना निधातुं न हि
प्रापुर्ब्रह्मशिवादयोऽप्यधिकृतिं गोप्येकभावाश्रया ।
सापिप्रेमसुधारसाम्बुधिनिधीराधापि साधारणी—
भूता कालगतिक्रमेण बलिना हे दैव तुभ्यं नमः ॥७२॥

ब्रह्मशिवादयोपि	=ब्रह्मा शिवादि (प्रमुख देव) भी
यत्पादाम्बुरुहैक	=जिनके चरण-कमल के एक
रेणु कणिकाम्	=रज कण को
मूर्ध्ना	=मस्तक पर
निधातुम्	=धारण करने का
अधिकृतिम्	=अधिकार
नहि	=नहीं
प्रापुः	=प्राप्त कर सके
गोप्येक	=एक मात्र गोपी
भावाश्रया	=भाव की आश्रय रूप
प्रेम सुधा	=प्रेमामृत
रसाम्बुधि-निधिः	=रस सागर की खान
सा	=वही
राधापि	=श्रीराधाजी भी
बलिना	=बलवान्
कालगति	=काल की गति के
क्रमेण	=हेर फेर से
साधारणी	=सर्व सुलभ
भूता	=हो गई हैं
हे दैव !	=हे (कालस्वरूप) देव
तुभ्यम्	=आपको
नमः	=नमस्कार है ।

वंदौं दैव तेरि बलिहारी ।
धन्य काल महिमा जो वस्तू अगम भई उजियारी ॥
प्रेमामृत रस सागर मोहन की निधि परम अथाह ।
गोपि अनन्त करैं जिहि आश्रय उर धरि भाव उमाह ॥

जाकी चरण कमल कण रज शिव ब्रह्मादिक हूं तरसें।
पाइ सकें नहिं सो राधा निजहित वन सहज हि दरसें॥

दूरे स्निग्धपरम्पराविजयतां दूरे सुहृन्मण्डली
भृत्याः सन्तु विदूरतो व्रजपतेरन्यप्रसंगः कुतः।
यत्र श्रीवृषभानुजा कृत रतिः कुञ्जोदरे कामिना,
द्वारस्थाप्रियकिङ्करीपरमहं श्रोष्यामि काञ्चीध्वनिम्॥७३

व्रजपतेः =श्री लालजी के
स्निग्ध =स्नेही
परम्परा =गण
दूरे =दूर से ही
विजयताम् =अपना गौरव प्रकट करें (तथा)
सुहृन्मण्डली =(उनकी) सुहृद् स्वजन मण्डली
दूरे =दूर ही विराजी रहें
भृत्याः =दास गण भी
विदूरतः =दूर ही (सेवा में)
सन्तु =तत्पर रहें
अन्यः =औरों की तो
प्रसङ्गः =चर्चा
कुतः =व्यर्थ है
यत्र =जिस समय
श्रीवृषभानुजा=श्रीवृषभानु कुमारी
कामिना =प्रीतम के साथ
कुञ्जोदरे =निकुञ्ज भवन में
कृतरतिः =रमण कर रही हों
परमहम् =मैं ही केवल
द्वारस्था =द्वार पर नियुक्त
प्रिय किङ्करी =प्यारी किङ्करी के रूप में
काञ्ची =करधनी की
ध्वनिम् =ध्वनि को (भाग्यबली होने से)
श्रोष्यामि =सुन पाऊंगी।

कुञ्ज भवन दम्पति रस केली।
करति रहसि अति नित्य निरन्तर अन्तर प्रेम परस्पर झेली॥
तहँ नहिं लाल सुहृद जन झांकें सखा नहीं अधिकारी।
कहा गनें अधिकार भृत्य जन झांइ न सकें निहारी॥

इतर लोग किहि लेखे माहीं पै विहार अवसर पर।
द्वारस्थित धुनि करधनि सुनिहौं निज श्रवणनि रंध्रनि धर॥

गौराङ्गे म्रदिमा स्मिते मधुरिमा नेत्राञ्चले द्राघिमा
वक्षोजे गरिमा तथैव तनिमा मध्ये गतौ मन्दिमा।
श्रोण्यां च प्रथिमा भ्रुवोःकुटिलिमा बिम्बाधरे शोणिमा
श्रीराधे हृदि ते रसेन जडिमा ध्यानेस्तु मे गोचरः ॥७४॥

श्रीराधे !	=हे श्री राधे !
ते	=आपके
गौराङ्गे	=गौर अङ्गों की
म्रदिमा	=मृदुलता
स्मिते	=मन्द हास्य की
मधुरिमा	=माधुरी
नेत्राञ्चले	=नेत्र प्रान्त की
द्राघिमा	=विशालता
वक्षोजे	=उरोजों की
गरिमा	=गुरुता
तथैव	=तथा
मध्ये	=कटि प्रदेश की
तनिमा	=कृशता
गतौ	=चाल की
मन्दिमा	=मन्दता
च	=और
श्रोण्यां	=नितम्बों की
प्रथिमा	=स्थूलता
भ्रुवोः	=भृकुटी की
कुटिलिमा	=वक्रता
बिम्बाधरे	=अधरों की
शोणिमा	=लालिमा (तथा आपके)
हृदि	=हृदय में
रसेन	=रस की (जो)
जडिमा	=स्तब्धता है (वह)
मे	=मेरे
ध्याने	=ध्यान का
गोचरः	=विषय
अस्तु	=होवे

प्रकटै अस छवि मोहिय भाती।
श्रीराधे ! गौराङ्ग मृदुलता मन्द मधुर मुस्काती॥
नेत्राञ्चल अति दीर्घ पीन कुच उच्च क्षीण कटि शोभे।
गजगति धीर चाल अति मांसल शुभ नितम्ब पिय लोभे॥

वक्र भ्रूलता अधर विम्ब अति अरुण अमित छवि राजी।
रस आवेश उदित जड़ता जिय निजहित हरसतु छाजी॥

प्रातः पीतपटं कदा व्यपनयाम्यन्यांशुकस्यार्पणात्
कुञ्जे विस्मृतकञ्चुकीमपि समानेतुं प्रधावामि वा।
वध्नीयां कबरीं युनज्मि गलितां मुक्तावलीमञ्जये
नेत्रे नागरि रंगकैश्चपिदधाम्यङ्गव्रणं वा कदा॥७५॥

नागरि !	= हे नागरि ! (श्रीराधे)
प्रातः	= प्रातःकाल
अन्यांशुकस्य	= अन्य वस्त्र (नीलाम्बर) को
अर्पणात्	= धारण कराके
पीतपटं	= पीताम्बर
कदा	= कब
व्यपनयामि	= उतार दूँगी
अपि च	= तथा
कुञ्जे	= कुञ्ज में
विस्मृत	= भूली हुई
कञ्चुकीं	= चोली को
समानेतुम्	= लाने के लिये
(कदा) वा	= कब
प्रधावामि	= उतावली से दौड़ जाऊँगी
कबरीं	= केशपाश को (कब)
वध्नीयां	= बाँधूँगी
गलितां	= टूटी हुई
मुक्तावलीं	= मुक्तामाल को (कब)
युनज्मि	= पिरो दूँगी
नेत्रे	= नेत्रों में (कब)
अञ्जये	= अञ्जन लगाऊँगी
च	= और
रङ्कैः	= कस्तूरी सिन्दूर आदि से
अङ्गव्रणं	= अङ्गक्षत को
कदा वा	= कब
पिदधामि	= आच्छादित करूँगी।

कब ह्वै हैं अस मो बड़ भाग।
हे राधे-नागरि ! तुव सेवा लहौं निकुञ्ज स-राग॥
कबहुं पीत पट पहिर रहौ तुम भ्रम सों प्रातः-काल।
सावधान करि नीलाम्बर कौं पलटि देउँ तत्काल॥

कबहुंक कंचुकि कुञ्जभवन तुम भूलि आंइ निज सेवा।
धाइ शीघ्र अविलम्ब तिहारी लै आऊँ तहँ ते जा॥
मृगमद मलयज कुंकुम लेपौं नख रेखा अँग केरी।
यहि विधि निजहित कौं कीजै श्रीस्वामिनि आपुन चेरी॥

यद्वृन्दावनमात्रगोचरमहो यन्नश्रुतीकं शिरो-
प्यारोढुं क्षमते न यच्छिवशुकादीनां तु यद्ध्यानगम्।
यत्प्रेमामृतमाधुरीरसमयं यन्नित्यकैशोरकं
तद्रूपं परिवेष्टुमेव नयनं लोलायमानं मम॥७६॥

अहो !	=आश्चर्य है !
यद्वृन्दावन-मात्र	=जो केवल श्रीवृन्दावन में ही
गोचरं	=सहज प्राप्त है (अन्यत्र नहीं।
यत्	=(और) जिसमें
श्रुतीकं शिरोपि	=उपनिषद् भी
आरोढुं	=प्रवेश करने में
क्षमते	=समर्थ
न	=नहीं है
यत्तु	=जो
शिव शुकादीनां	=शिव शुकादि के भी
यद्ध्यानगं न	=निरन्तर ध्यान का विषय नहीं है
यत्	=जो
प्रेमामृत	=प्रेम रूप अमृत
माधुरी	=माधुरी का
रसमयं	=रसस्वरूप है तथा
यत्	=जो
नित्य	=नित्य
कैशोरकं	=किशोरावस्था से सम्पन्न है
तत्	=उस
रूप मेव	=रूप को ही
परिवेष्टुं	=भलीभांति देखने के लिये
मे	=मेरे
नयनं	=नेत्र
लोलायमानम्	=चञ्चल (व्याकुल) हो रहे हैं।

चपल चख चहैं लखें सो रूप।
जो केवल द्रष्टव्य विपिन श्री वृन्दा माँहि अनूप॥

वरणत जाको वेद सार उपनिषद भाग कहि नेती।
शिव शुक ध्यान अगम्य सुपूरण प्रेमामृत मधु देती॥
नित्य नवल कैशोर कुंवरि कब ह्वै हो आप निहाल।
निज हित लहै दरस सो नैना सफल होइँ तत्काल॥

धर्माद्यर्थचतुष्टयं विजयतां किं तद्वृथा वार्त्तया
संकान्तेश्वरभक्तियोगपदवी त्वारोपिता मूर्द्धनि।
यो वृन्दावनसीम्नि कश्चन घनाश्चर्यः किशोरीमणि-
स्तत्कैङ्कर्य्यरसामृतादिह परं चित्तं न मे रोचते॥७७॥

धर्म्माद्यर्थ	=धर्म्मादि पुरुषार्थ	कश्चन	=कोई एक
चतुष्टयं	=चतुष्टय का	घनाश्चर्य्यः	=अतिशय आश्चर्य्य से पूर्ण
विजयतां	=गौरव भले ही बना रहे	किशोरीमणिः	=किशोरीगणों की मुख्य
तत्	=उनकी	वृन्दावन	=वृन्दावन की
वृथा	=निरर्थक	सीम्नि	=सीमा में (विराजमान हैं)
वार्त्तया	=चर्चा से	तत्	=उसके
किं	=क्या लाभ (तथा)	कैङ्कर्य्य	=दासीभाव रूप
सा	=उस	रसामृतात्	=रसामृत के अतिरिक्त
एकान्तेश्वर	=ईश्वर की	मे	=मेरे
भक्ति योग	=अव्यभिचारिणी भक्ति योग की	इह	=इस
पदवी तु	=पद्धति को भी (हम)	चित्ते	=चित्त को
मूर्ध्नि	=सिर माथे पर	परं न रोचते	=कुछ भी अच्छा नहीं लगता है।
आरोपिता	=चढ़ाते हैं (केवल-आदर दे सकते हैं)		
यः	=वास्तव में तो जो		

विनु कैंकर्य्य रुचै कछु नाँहीं ।
श्री राधे ! इक मात्र आपकौ श्री वन सीमा माँही ॥
नहीं प्रयोजन धर्म अर्थ अरु काम मोक्ष सुख लेश ।
भले जगत उत्कृष्ट बखानें चर्चा व्यर्थ विशेष ॥
सादर नमन इकन्त भक्ति ऐश्वर्य्य लाभ कछु नाँही ।
चित निजहित अचरज स्वरूप घन कुंवरिमणी पद माँही॥

प्रेम्णः सन्मधुरोज्ज्वलस्य हृदयं शृङ्गारलीलाकला
वैचित्री परमावधिर्भगवतः पूज्यैव कापीशता ।
ईशानी च शची महासुखतनुःशक्तिः स्वतन्त्रा परा
श्रीवृन्दावननाथपट्टमहिषी राधैव सेव्या मम ॥७८॥

(या)सन्मधु-रोज्ज्वलस्य	=(जो) श्रेष्ठतम मधुर उज्ज्वल	ईशानी	=पार्वती
प्रेम्णः	=प्रेम की	च	=यदि (भगवान् इन्द्र हैं तो यह)
हृदयं	=हृदय रूप हैं(तथा)	शची	=शची हैं
शृङ्गार लीला-कला	=शृङ्गार रस की लीला कलाओं के	महा सुख	=अतिशय सुख-स्वरूप
वैचित्री	=वैचित्र्य की	तनुः	=विग्रह वाली
परमावधिः	=चरम सीमा हैं (तथा)	परा स्वतन्त्रा शक्तिः	=स्वतन्त्र पराशक्ति हैं (ऐसी)
भगवतः	=भगवान् श्रीकृष्ण की	श्रीवृन्दावननाथ	=श्री वृन्दावन के अधीश्वर की
कापि	=कोई अनिर्वचनीय	पट्ट	=सिंहासनारूढ़ा
पूज्यैव	=पूजनीया	महिषी	=रानी
ईशता	=ईश्वरी हैं (यदि श्रीकृष्ण ईश हैं तो यह)	राधैव	=केवल राधा ही
		मम	=मेरी
		सेव्या	=सेव्य हैं

महिषि पट्ट वृन्दावन नाथ।
परमाराध्य स्वामिनी राधा मम जीवन तिनि हाथ॥
मधुरोज्ज्वल रस प्रेम घनाकृति अवधी केलि कलानि।
उद्गम लीला वैचित्री की अरु ऐश्वर्य निधान॥
अखिल स्वरूप कृष्ण सित ईशानी शचि शक्ति स्वतन्त्र।
परम सुखद विग्रह ताकी दासी निज हित परतन्त्र॥

राधादास्यमपास्य यः प्रयतते गोविन्दसङ्गाशया
सोयं पूर्णसुधारुचेः परिचयं राकां विना कांक्षति।
किञ्च श्यामरतिप्रवाहलहरीबीजं न ये तां विदु-
स्ते प्राप्यापि महामृताम्बुधिमहो बिन्दुं परं प्राप्नुः॥७६॥

यः	=जो व्यक्ति	ये	=जो व्यक्ति
राधादास्यं	=श्रीराधा कैङ्कर्य को	श्याम	=श्याम सुन्दर की
		रति प्रवाह	=रति के प्रवाह रूप
अपास्य	=त्याग कर	लहरी	=तरङ्ग के
गोविन्द	=श्रीलाल जी के	बीजं	=मूल बीज
संग	=प्रेम की	तां	=उन (श्रीराधा) को
आशया	=आशा से	न विदुः	=नहीं जानते हैं
प्रयतते	=प्रयत्न (साधन-भजन) करता है	ते	=वे (व्यक्ति)
		महामृताम्बुधि	=विशाल अमृत-सागर को
सोयं	=वह व्यक्ति मानों		
राकां विना	=पूर्णिमा की रात्रि के बिना ही	प्राप्यापि	=पाकर भी
		अहो	=खेद है कि
पूर्ण सुधारुचेः	=पूर्ण चन्द्र का	परं	=केवल एक
परिचयं कांक्षति	=दर्शन चाहता है	बिन्दुं	=बूँद ही
किंच	=तथा (ऐसे)	प्राप्नुयुः	=प्राप्त कर पाए

मन्द; जिन राधा पद रति त्यागी ।
चहैं लाभ गोविन्द संग कौ भूले पथ अनुरागी ॥
मानहुँ पूर्ण इन्दु को दर्शन चहै पूर्णिमा बादि ।
अज्ञ न जानैं बीज प्रेम लहरी राधा जु अनादि ॥
इहै परम कौतुक जु निकट रहि महा सागर पीयूष ।
भये तुष्ट निजहित लहि बिन्दू केवल मिटी न भूख ॥

कैशोराद्भुतमाधुरीभरधुरीणाङ्गच्छविं राधिकां
प्रेमोल्लासभराधिकां निरवधि ध्यायन्ति ये तद्धियः ।
त्यक्ताः कर्मभिरात्मनैव भगवद्धर्मेऽप्यहो निर्ममाः
सर्वाश्चर्यगतिं गता रसमयीं तेभ्यो महद्भ्यो नमः ॥८०

ये	=जो व्यक्ति	ध्यायन्ति	=ध्यान करते हैं(वे)
तद्धियः	=उन (श्रीराधाजी) में मन बुद्धि लगा कर	कर्मभिः	=कर्मों द्वारा
		आत्मनैव	=अपने आप
		त्यक्ताः	=छोड़ दिये जाते हैं
कैशोराद्भुत	=किशोरावस्था की विचित्र	अहो	=(और भी) आश्चर्य्य है (कि)
माधुरी	=(आस्वाद्य मिठास की	भगवत्	=भागवत
		धर्मेऽपि	=धर्म्मों से भी (वे)
भरधुरीण	=अधिकता से भर-पूर	निर्ममाः	=ममता हीन होकर
		रसमयीं	=रस से सनी
अङ्गच्छविम्	=अंग कान्तिमयी एवं	सर्वाश्चर्य्य	=सर्वश्रेष्ठ विस्मय
		गतिम्	=अवस्था को
प्रेमोल्लास	=प्रेमोत्कर्ष के	गताः	=प्राप्त हो चुके हैं
भराधिकाम्	=गौरव से परिपूर्ण	तेभ्यः	=उन
राधिकाम्	=श्रीराधिकाजी का	महद्भ्यः	=महा पुरुषों को
निरवधि	=निरन्तर	नमः	=(हमारा)नमस्कार है

पुनि पुनि तिनके पद सिर नाऊँ ।
सर्वाश्चर्य्य पूर्ण पर रस मय गति जिनके जिय ठाऊँ ॥
ध्यावहिं नित्य किशोरि चमत्कृति मधुर रसीली राधा ।
जाके अंग अंग सर्वोत्तम छवि उल्लास अबाधा ॥
प्रेमोल्लास प्रवाह प्रवाहित तहँ तिनके चित लागे ।
अन्य कर्म को गनें धर्म भगवत निजहित तमि भागे ॥

लिखन्ति भुजमूलतो न खलु शंखचक्रादिकं
विचित्रहरिमन्दिरं न रचयन्ति भालस्थले ।
लसत्तुलसिमालिकां दधति कण्ठपीठे न वा
गुरोर्भजनविक्रमात् क इह ते महाबुद्धयः ॥८१॥

गुरोर्भजन	=प्रगाढ़ या गुरुनिष्ठ भजन	न रचयन्ति	=रचना नहीं करते हैं
विक्रमात्	=बल के आधार पर (जो लोग)	कण्ठ पीठे वा	=ग्रीवा में
खलु	=भली भाँति	लसत्तुलसि	=सुन्दर तुलसी की
भुजमूलतः	=भुजाओं पर	मालिकाम	=कण्ठी माला भी
शङ्खचक्रादिकम्	=शङ्खचक्रादिकों के चिह्न	न दधति	=धारण नहीं करते हैं
न लिखन्ति	=नहीं बनाते हैं	इह	=इस लोक में
भालस्थले	=ललाट पर	ते	=वे
विचित्र	=सुन्दर सुन्दर	महाबुद्धयः	=महा मति
हरिमन्दिरम्	=तिलकादि की	के	=कौन हैं ? (अर्थात् विरले हैं)

गुरु तर भजन पराक्रम जिनके ।
ते विरले अति विमल महा मति कहत सुलक्षण तिनके ॥
रचैं न शङ्ख चक्र आदिक कछु भुज मूलन पर अपने ।
हरि की छाप भाल पै टीका विखियत नहिं कर थपने ॥

कण्ठ-सुहाती तुलसि माल नहिं कण्ठी की सुधि आही।
ऐसे तन्मय इष्ट भजन तत्सुख निज हित मति ताही॥

कर्माणि श्रुतिबोधितानि नितरां कुर्वन्तु कुर्वन्तु मा
गूढ़ाश्चर्य्यरसाः स्रगादिविषयान्गृह्णन्तु मुञ्चन्तु वा।
कैर्वा भावरहस्यपारगमतिः श्रीराधिकाप्रेयसः
किञ्चिज्ज्ञैरनुज्यतां बहिरहो भ्राम्यद्भिरन्यैरपि ॥८२॥

गूढ़ाश्चर्य्य	=निबिड़ अनुपम	श्रीराधिका	=श्री राधा
रसाः	=रस में निमग्न (रसिक जन)	प्रेयसः	=कान्त के
श्रुति बोधितानि	=श्रुति प्रतिपादित	भाव रहस्य	=रहस्य भाव की
कर्माणि	=कर्म कलाप को	पारगमतिः	=पारङ्गतमतिवाला व्यक्ति
कुर्वन्तु	=करें	किञ्चिज्ज्ञैः	=अल्पज्ञ और
मा वा कुर्वन्तु	=अथवा न करें	बहिःभ्राम्यद्भिः	=बहिर्मुख
स्रगादि	=माला चन्दनादि	अन्यैरपि	=अन्य
विषयान्	=भोगों को	कैर्वा	=किन्हीं लोगों द्वारा
गृह्णन्तु	=ग्रहण करें	अनुयुज्यताम्	=क्या कभी प्रश्न (कुतर्क) का विषय हो सकता है ?
वा मुञ्चन्तु	=अथवा त्याग दें,		(अर्थात् अँगुली उठाने योग्य नहीं है)
अहो !	=आश्चर्य्य है !!		

अहो ! गूढ़ रस रसिक शिरोमनि।
उज्ज्वल मधुर उपासन बिनु नहिं सकै वेद विधि कर्मन की गनि॥
चन्दन गन्ध पुष्पमाला विषयन सों कहा प्रयोजन जानैं।
गनैं न हानी लाभ तनिक जीवन सन्तोषी जन सोइ मानैं॥
रुचै न अन्न बहिर्मुख अन्य सकामी जन कौं संग कदाचित।
राधा माधव भाव विभावित निज हित रुचै असंग सदा चित॥

अलं विषयवार्त्तया नरककोटिबीभत्सया
वृथा श्रुतिकथाश्रमो बत बिभेमि कैवल्यतः।
परेशभजनोन्मदा यदि शुकादयः किं ततः
परं तु मम राधिकापदरसे मनो मज्जतु ॥८३॥

नरककोटि	=कोटि कोटि नरकों से भी	यदि	=यदि
बीभत्सया	=घृणास्पद	शुकादयः	=शुक सनकादि
विषय	= भोगों की	परेश	=परमेश्वर के
वार्त्तया	=चर्चा	भजनोन्मदाः	=भजन में उन्मत्त हैं तो
अलम्	=रहने दो	ततः	=उससे (मुझे)
श्रुतिकथा	=वेद कथाओं में	किं	=क्या लाभ है !!
श्रमः	=श्रम करना	मम तु मनः	=मेरा मन तो
वृथा	=निरर्थक है	परं	=केवल
बत	=हाय हाय	राधिका	=श्रीराधाजी के
कैवल्यतः	=एकाकी भावरूप मोक्ष से तो	पदरसे	=चरण कमल के रस में
बिभेमि	=भय लगता है	मज्जतु	=मज्जन करता रहे

मन ! राधा पद रस रहु डूबि।
करी वृथा विषयन की चर्चा वरवस अब गयो ऊबि ॥
कोटि कोटि नरकन समान वे विषय अहैं भय दाई।
श्रमित करें श्रुति कथा, मुक्ति अहै जु महा दुखदाई ॥
पुरुषोत्तम भगवान-भजन-उन्मत्त शुकादिक लीन।
नहीं प्रयोजन अपनौं निज हित हम अयोग्य अरु दीन ॥

तत्सौन्दर्यं स च नववयोयौवनश्रीप्रवेशः
सा दृग्भङ्गी सच रसघनाश्चर्यवक्षोजकुम्भः।

सोयं बिम्बाधरमधुरिमा तत्स्मितं सा च वाणी
सेयं लीलागतिरपि न विस्मर्यते राधिकायाः ॥८४॥

राधिकायाः =श्री राधिका का
तत्सौन्दर्य्यम् =वह अद्भुत सौंदर्य्य
स च =और वह
नव वयः =नूतनावस्था की
यौवन श्री =तारुण्य शोभाका
प्रवेशः =आविर्भाव
सा =वह
दृग्भङ्गी =नेत्र प्रान्त की कुटिलता
स च =और वह
रसघनाश्चर्य्य =आश्चर्य्य मय रस से पूर्ण
वक्षोजकुम्भः =कुच कलश
सोयं =वही यह
बिम्बाधर =विम्बफल समान अधर की
मधुरिमा =माधुरी
तत्स्मितम् =वह मन्द हास
सा च वाणी =तथा वह वाग्विलास
अपि स =और वही
इयम् =यह
लीलागतिः =मतवाली चाल इनमें से एक भी बात
न विस्मर्यते =नहीं भुलाई जा सकती है।

हिय गढ़ि रही राधिका महिमा।
वह अभूत सौन्दर्य्य अनूपम नव यौवन की गरिमा॥
नैंन भङ्गिमा रस घन अचरज कुच युग कलस उभारे।
बिम्बाधर सम रक्त अधर परिपूर्ण मधुरिमा न्यारे॥
मन्द मन्द मुस्क्यान रसीली प्रखर वचन रचना कीं।
लीला गति पग चलन न निजहित भूलि सकौं किन ताकीं॥

यल्लक्ष्मीशुकनारदादिपरमाश्चर्य्यानुरागोत्सवैः
प्राप्तं त्वत्कृपयैव हि व्रजभृतां तत्तत्किशोरीगणैः।
तत्कैङ्कर्य्यमनुक्षणाद्भुतरसं प्राप्तुं धृताशे मयि
श्रीराधे नवकुञ्जनागरि कृपादृष्टिं कदा दास्यसि ॥८५॥

नवकुञ्जनागरि=नवकुञ्ज ललने
श्रीराधे ! =श्री राधे !
लक्ष्मीशुक- =लक्ष्मी शुक नारद
नारदादि आदिकों के लिये
परमाश्चर्य्य =परम विस्मय से
पूर्ण
अनुरागोत्सवैः=अनुरागमय उत्सव
युक्त
व्रजभृताम् =व्रज बालाओं में से
तत्तत् =उन किन्हीं
किशोरीगणैः =किशोरीगणों को
यत् =जो (कैङ्कर्य्य)

त्वत्कृपयैव =केवल आपकी
कृपा से ही
प्राप्तम् =प्राप्त हुआ
तत् =उसी
अनुक्षणाद्भुत =प्रतिक्षण चमत्कारी
रसम् =रसमय
कैङ्कर्य्यम् =कैङ्कर्य्य को
प्राप्तुम् =प्राप्त करने के लिये
धृताशे =आशा लगाये हुए
मयि =मुझ पर
कदा =कब
कृपा दृष्टिम् =कृपा की दृष्टि
दास्यसि =करोगी

कृपा दृष्टि सोइ कब डारोगी ।
श्री राधे ! नवकुञ्ज नागरी विरदहि प्रतिपारोगी ॥
जो दृष्टी क्षण क्षण अद्भुत रस देत सदा इक सार ।
व्रज किशोरियन प्राप्त करी अनुरागोत्सव रस धार ॥
तिन गोपिन की परिपाटी लक्ष्मी शुक नारद तरसें ।
सो कैङ्कर्य्य आश निज हित उर कृपा दृष्टि कब बरसै ॥

लब्ध्वादास्यं तदति कृपया मोहनस्वादितेन
सौन्दर्य्यश्रीपदकमलयोर्लालनैः स्वापितायाः ।
श्रीराधाया मधुरमधुरोच्छिष्टपीयूषसारं
भोजंभोजं नवनवरसानन्दमग्नःकदा स्याम् ॥८६॥

तत् =उन (श्रीप्रियाजी)
की
अति कृपया =महती कृपा से

मोहन स्वादि- =श्री मोहन से
तेन आस्वादित
दास्यं =(उनके) दास्य को

लब्ध्वा	=पाकर
सौन्दर्यश्री	=सौन्दर्य शोभा अतिरेक से भूषित
पदकमलयोः	=चरणारविन्द के
लालनैः	=दुलार-संवाहन से
स्वापितायाः	=शयन कराई हुई
श्रीराधायाः	=श्रीराधिकाजी के
मधुरमधुरोच्छिष्ट	=मधुरातिमधुर उच्छिष्ट रूप
पीयूष सारम्	=सुधा सार का
भोजं-भोजम्	=पुनः पुनः आस्वादन कर (मैं)
कदा	=कब
नव-नव रसानन्द	=नित्य-नवीन रसानन्द में
मग्नः	=डूब
स्याम्	=जाऊँगी

छवि रासी पद पद्म तिहारे।
स्वामिनि ! स्वयं पलोटि मुदित मन शयन करावें प्यारे॥
कछुक शेष मिष्टान्न प्रसादी अमृत सार सुस्वादी।
परम कृपा करि दई लाल कूँ उन मुहि दई प्रसादी॥
उहै प्रसादि दुहुंनि केरी हौं पाइ गनौं बड़ भाग।
नव नव रस आनन्द मगन निज हित दासी रहै पाग॥

यदि स्नेहाद्राधे दिशसि रतिलांपटयपदवीं
गतं मे स्वप्रेष्ठं तदपि मम निष्ठां शृणु यथा।
कटाक्षैरालोके स्मितसहचरैर्जातपुलकं
समाश्लिष्याम्युच्चैरथ च रसये त्वत्पदरसम् ॥८७॥

राधे	=हे श्रीराधे !
रति लाम्पटय	=विहार लम्पटता
पदवीम्	की कुशलता को
गतम्	=प्राप्त
ते	=आपके
स्वप्रेष्ठम्	=अपने प्रियतम को
यदि	=यदि (स्वयं)
स्नेहात्	=स्नेह वश (मुझे)
दिशसि	=सौंप दो
तदपि	=तो भी
मम निष्ठाम्	=मेरी निष्ठा को
शृणु	=सुनिये
यथा	=जैसे कि (मैं)
स्मित	=मन्द मुसकान से
सहचरैः	=युक्त
कटाक्षैः	=कटाक्ष पात से

	(उनको)		करूँगी
आलोके	=देखूँगी	अथ	=इतना होने पर भी
च	=और	त्वत्	=आपके ही
जात पुलकम्	=पुलकित होने पर	पदरसम्	=चरणारविन्द के दास्य रस का
उच्चैः	=अतिगाढ़		
समाश्लिष्यामि	=आलिङ्गन भी	रसये	=आस्वादन करूँगी

जब तुम देहु लाल कँह मोही।
हे राधे ! तद्यपि मम निष्ठा सुदृढ़ सुनो कहौं तोही ॥
रति रस लोभी सदा लाल कौं भृकुटि बंक निरखौंगी।
रोम रोम पुलकित वे तुरतहि ह्वै हैं यों परखौंगी ॥
पुनि प्रगाढ़ आलिंगन दै हौं प्रेम विवश करि राखौं तिनकों।
पै निजहित तुव पद-अम्बुज-रस मग्न राखिहौं अपने मनकों ॥

कृष्णः पक्षो नवकुवलयं कृष्णसारस्तमालो
नीलाम्भोदस्तव रुचिपदं नामरूपैश्च कृष्णा ।
कृष्णे कस्मात्तव विमुखता मोहनश्याममूर्त्ता-
वित्युक्त्वा त्वां प्रहसितमुखीं किन्नु पश्यामि राधे ॥८८

राधे !	=हे श्रीराधे ! (जब)		रूप सादृश्य से)
कृष्णः	=कृष्ण	तव	=आपको
पक्षः	=पक्ष	रुचिपदम्	=परमप्रिय हैं (तब)
नव कुवलयम्	=नील कमल	मोहनश्याम-मूर्त्तौ	=सम्मोहनकारी श्याम विग्रह
कृष्णसारः	=कृष्ण सार मृग		
तमालः	=तमाल तरु	कृष्णे	=श्रीकृष्ण के प्रति
नीलाम्भोदः	=नील नीरद तथा	तव	=आपकी
नामरूपैःच	=(कृष्ण) नाम तथा कृष्णवर्णवाली	विमुखता	=प्रतिकूलता
		कस्मात्	=क्यों है? असंगत है
कृष्णा	=यमुना (यह सब प्रियतम के नाम-	इति उक्त्वा	=ऐसा कह कर (मैं)
		त्वाम्	=आपको

प्रहसित मुखीम् = हास-विभूषित वदना	किन्नु = क्या कभी
	पश्यामि = देखूँगी

क्यों अस खीझ कृष्ण मोहन सों ?
हे राधे ! प्रिय शब्द निम्न तुम चहति सुनति मोदन सों।
कृष्ण पक्ष अरु कृष्ण सनेही कृष्ण कमल-मृग-बादर।
कृष्ण तमाल कलिन्दी कृष्णा सुनति सबै, सह आदर॥
अब जब कृष्ण निकट हैं काहे प्रकट विमुखता एती।
निज हित सुनत व्यंग यों प्रहसित पियहि अंक भरि लेती॥

लीलापांगतरंगितैरिव दिशो नीलोत्पलश्यामला
दोलायत्कनकाद्रिमंडलमिव व्योम स्तनैस्तन्वतीम्।
उत्फुल्लस्थलपंकजामिव भुवं रासे पदन्यासतः
श्रीराधामनुधावतीं व्रजकिशोरीणां घटां भावये ॥८६॥

लीलापाङ्ग- = विलासपूर्ण कटाक्ष	रासे = रास में
तरङ्गितैः की तरङ्गों से	पदन्यासतः = पाद विन्यास कौशल से
दिशः = दिशाओं को	भुवम् = पृथ्वी को
इव = मानों	इव = मानो
नीलोत्पलश्यामलाम् = नील कमल के समान श्यामल	उत्फुल्लस्थल = प्रफुल्लित स्थल
तन्वतीम् = आभासित करती हुई (और)	पङ्कजाम् = कमलमयी (तन्वतीम् = बनाती हुई)
स्तनैः = कुचों द्वारा	श्रीराधाम् —श्रीराधा का
दोलायत्कनकाद्रि = कम्पायमान सुमेरु	अनुधावतीम् = अनुगमन करने वाली
मण्डलमिव = मण्डल से पूर्ण मानो	व्रजकिशोरीणां = व्रजकिशोरियों की
व्योम = आकाश को करती	घटाम् उमड़ती हुई मेघमाला की
(तन्वतीम्) हुई	भावये = भावना करता हूँ

राधा अनुगत व्रज-नागरि जे।
तिनहीं को, उर भाव राखिहौं; सबहिन सौं आगरि ते॥
जिनकी दृष्टि कटाक्ष अवधि लीला सब दिशा विकासी।
नील कमल की प्रभा श्यामता अति कमनी आभासी॥
कुच मण्डल चल कनक पर्वताकार उदित मनु नभ में।
नृत्य रास गति पाद थलकमल शोभित निजहित छवि में॥

दृशौ त्वयि रसांबुधौ मधुरमीनवद्भ्राम्यतः
स्तनौ त्वयि सुधासरस्यहह चक्रवाकाविव।
मुखं सुरतरंगिणि त्वयि विकासि हेमांबुजं
मिलंतु मयि राधिके तव कृपातरंगच्छटाः ॥९०॥

राधिके !	=हे श्री राधिके !	सुरतरङ्गिणि	=हे सुरसरिता रूपिणि !
रसाम्बुधौ	=रससमुद्र के समान	त्वयि	=आपके (श्रीविग्रह में)
त्वयि	=आपके (इस श्री-विग्रह में)	मुखम्	=मुख मानो
दृशौ	=दोनों नेत्र	विलासि	=प्रफुल्लित
मधुर	=चञ्चल	हेमाम्बुजम्	=स्वर्ण कमलवत् (शोभित) है
मीनवत्	=मीन की तरह	तव	=आपकी
भ्राम्यतः	=कलोल कर रहे हैं	कृपा	=कृपा-रूप
अहह !!	=आश्चर्यमय	तरङ्गच्छटाः	=तरङ्ग-परम्परायें
सुधा सरसि	=सुधा सरोवर रूप	मयि	=मुझे
त्वयि	=आपके (श्रीविग्रहमें	मिलन्तु	=प्राप्त हों।
स्तनौ	=कुच युगल		
चक्रवाकौ	=चकवा-चकवी की		
इव	=तरह (सुशोभित हैं		

कृपा तरङ्ग छटा कहुँ पाऊँ।
अहो राधिके ! श्री तनु तुव रस महा सिन्धु उर ध्याऊँ॥

तिहि सागर महँ युगल नयन जनु मीन कलोलत दोऊ।
कुच युग चक्रवाक जनु विहरत सुधा सरित वपु सोऊ॥
हे हे सुरतरङ्गिणि ! तुव मुख कनक कमल सम विकस्यौ।
निजहित उर रस रूप तरंगनि भरी बहत जब निकस्यौ॥

कांताढ्याश्चर्यकांताकुलमणिकमलाकोटिकाम्यैकपादां-
भोजभ्राजन्नखेंदुच्छविलवविभवा काप्यगम्या किशोरी।
उन्मर्य्यादप्रवृद्धप्रणयरसमहांभोधिगंभीरलीला
माधुर्योज्जृम्भितांगी मयि किमपि कृपारंगमंगीकरोतु ॥६१॥

एक पादाम्भोज	=(जिनके) अनुपम	गम्भीर लीला	=रहस्यपूर्ण लीलाओं की
भ्राजन्नखेन्दु-च्छवि	देदीप्यमान नख चन्द्र छटा का	माधुर्य्य	=माधुरी से
लव विभवा	=लेशमात्र वैभव भी	उज्जृम्भिताङ्गी	=प्रफुल्लित अंगों वाली
कान्ताढ्य	=कान्त से युक्त	अगम्या	=सब से (ब्रह्मादि देव तथा वेद वेदांगों से) अगम्य
आश्चर्य्य	=आश्चर्य्य रूपी		
कान्ता	=ललना		
कुलमणि कमला	=समूह की शिरोमणि रूप कोटि	काऽपि	=कोई अनिवर्चनीय
कोटि काम्य	कोटि कमलाओं से वाञ्छनीय है (तथा)	किशोरी	=किशोरी
		मयि	=मुझ पर
उन्मर्य्याद	=असीम रूप से	किमपि	=किसी अपूर्व
प्रवृद्ध	=बढ़े हुए	कृपा	=कृपा
प्रणयरस	=अनुराग रस के	रङ्गम्	=रस की
महाम्भोधि	=महासागर की	अङ्गी करोतु	=वर्षा करें

(१) इस श्लोक के प्रथम पादका अन्वय सीधा होने पर भी सुगमत के लिये परिवर्तन किया हैं।

आढ्य कान्त धन सों मम स्वामिनि।
अखिल अनूपम अद्भुत युवती तिनकी कुलमणि भामिनि॥
जाके चरण कमल नख कौं इक अणु अस प्रभा प्रकासी।
कोटि कोटि कमला वैभव निज मन वञ्छें उल्लासी॥
जिनको श्री अँग रूप प्रणय रस महा सिन्धु सम जानौ।
सतत असीम प्रवर्धित बहु लीला माधुर्य्य समानौ॥
अति अगम्य सोई नवल किशोरी मो पै निज रस ढोरें।
इहि विधि स्वीकृत करि किरपा रस निजहित ता महँ बोरें॥

कलिंदगिरिनंदिनीपुलिनमालतीमंदिरे
प्रविष्टवनमालिनाललितकेलिलोलीकृते
प्रतिक्षणचमत्कृताद्भुतरसैकलीलानिधे
विधेहि मयि राधिके निजकृपातरंगच्छटाम्॥८२॥

कलिन्दगिरि नन्दिनी	=यमुना
पुलिन	=तट पर
मालती	=मालती लता के
मन्दिरे	=कुञ्ज भवन में
प्रविष्ट वनमा-	=विराजित वन-
लिना	=माली द्वारा
ललित	=मनोज्ञ
केलि	=विहार में
लोलीकृते	=चञ्चल की हुई एवं
प्रतिक्षण	=प्रतिक्षण
चमत्कृत	=उद्दीपन को प्राप्त,
अद्भुत रसैक	=एक मात्र विचित्र रस
लीलानिधे !	=लीला की निधान
राधिके !	=हे श्रीराधिके !
मयि	=मुझ पर
निज	=अपनी
कृपा	=कृपा
तरङ्गच्छटाम्	=लहरी की
विधेहि	=बरसाओ

कृपा तरङ्ग छटा विस्तारौ।
हे राधे ! दासी उर सींचौं घटें न तनिक तिहारौ ॥
यमुना पुलिन मालती के मंदिर मँह संग तिहारे।
करि प्रवेश मथि चञ्चल कीने अग अंग तुव प्यारे ॥
तातें क्षण क्षण अद्भुत लीला रस सागर उमहतु है।
नेत्राञ्चलम्	नेत्र कटाक्ष युक्त		

सुमिरि मन राधा मुख मण्डल कौं।
अति अद्भुत शोभामय दीपति सकल सार मङ्गल कौं॥
निर्मल उज्वल द्युति स्वाती सुत सम दशनावलि शोभी।
पल्लव अधर मनोज्ञ लजावें विद्रुम मणि द्युति को भी॥
चञ्चल मकराकार कपोलनि कुण्डल निज हित भ्राजें।
चारु चकित युग नेत्र कोण मुख खञ्जन खेलत साजें॥

चलत्कुटिलकुन्तलं तिलकशोभि भालस्थलं
तिलप्रसवनासिकापुटविराजिमुक्ताफलम्।
कलङ्करहितामृतच्छविसमुज्ज्वलं राधिके
तवातिरतिपेशलं वदनमण्डलं भावये ॥१८५॥

राधिके!	=हे श्री राधिके!	कलङ्करहिता-	=निष्कलंक चंद्रमा
चलत् कुटिल	=चञ्चल घुँघराली	मृतच्छवि	=से भी
कुन्तलम्	अलकों वाले,	समुज्ज्वलम्	=अत्यन्त उज्ज्वल (स्वच्छ)
तिलक शोभि	=तिलक से चित्रित	अतिरति	=अतिशय प्रेम से
भालस्थलम्	भाल वाले,	पेशलम्	सुन्दर
तिलप्रसव	=तिल पुष्प सम-	तव	=आपके
नासिकापुट	नासिका पुट में	वदनमंडलम्	=मुख मंडल की
विराजि	=शोभमान बेसर की	भावये	=मैं भावना करती हूँ।
मुक्ताफलम्	मुक्ता वाले,		

स्वामिनि मुख मण्डल तुव ध्याऊँ।
कुटिल अलक चञ्चल अरु माथे तिलक सुमिरि बलि जाऊँ॥
मुक्ताफल बेसर नासा जो तिल प्रसून वत सोहै।
निश्कलङ्क विधु उज्वल छबि चिन्मय निज हित चित मोहै॥

पूर्णप्रेमामृतरससमुल्लाससौभाग्यसारं
कुंजे कुंजे नवरतिकलाकौतुकेनात्तकेलि।
उत्फुल्लेन्दीवरकनकयोः कांतिचोरं किशोरं
ज्योतिर्द्वन्द्वं किमपि परमानन्दकन्दं चकास्ति॥१८६॥

पूर्णप्रेमामृत =पूर्ण प्रेमामृत रस
समुल्लास समुत्कर्ष के
सौभाग्यसारम् सौभाग्य का सार रूप
कुञ्जे कुञ्जे =प्रत्येक कुञ्ज में
नव रतिकला नूतन रतिकला के
कौतुकेन चमत्कार से
आत्तकेलि =केलि परायण
उत्फुल्लेन्दी =प्रफुल्लित नील
वर कनकयोः =एवं स्वर्ण कमल की
कान्तिचोरम् =कान्ति को चुराने वाला
परमानन्द =परमानन्द का
कन्दम् मूल
किमपि =कोई अनिर्वचनीय
किशोरम् =किशोर
ज्योतिर्द्वन्द्वम् =प्रकाश युगल (गौरश्याम तेज)
चकास्ति =शोभित हो रहा है।

ज्योति किशोर युगल छबि शोभै।
अनुपम परमानन्द कन्द रमि कुञ्ज कुञ्ज वन लोभै॥
नील कनक विवि कमल हरत द्युति अङ्ग प्रफुल्लित राजैं॥
पूर्ण प्रेम अमृत रस सार सुकमनी उलहत भ्राजैं॥
नव नव कौतुक कोक कला कल केलि कुञ्ज बहु ठानैं।
निज हित ऐसे युगल मनोरम भजि, तजि इतर जु बानैं॥

ययोन्मीलत्केलीविलसितकटाक्षैककलया
कृतो बन्दी वृन्दाविपिनकलभेंद्रो मदकलः ।
जडीभूतः क्रीडामृग इव यदाज्ञालवकृते
कृती नः सा राधा शिथिलयतु साधारण गतिम् ॥१८७॥

यया	=जिन (श्रीराधा जी की
उन्मीलत्केली	=विकसित केलि
विलसित	=विलास में
कटाक्षैक कलया	=कटाक्ष की केवल एक कला ने
मदकलः	=मदोन्मत्त
वृन्दाविपिन	=वृन्दावन के
कलभेन्द्रः	=गज शावक शिरोमणि (श्री लाल जी) को
बन्दीकृतः	=बन्दी बना लिया (तथा)
कृती	=कुशल होने पर भी
यदाज्ञालव कृते	=जिन की आज्ञा के संकेत मात्र के लिये (पालनार्थ)
क्रीडामृग इव जडी भूतः	=क्रीडामृग की तरह जड़ वत् बने रहते हैं
सा राधा	=वह श्रीराधा जी
नः	=हमारी
साधारण गतिम्	=भव बाधा को
शिथिलयतु	=दूर करें ।

निवारहु संसृति गति श्री राधा ।
का कहौं महिमा तोपै जडवत मोहन बिबशौ अबाधा ॥
यद्यपि हैं वह महा मत्त गज निज हित विपिन विलासी ।
परम चतुर क्रीड़ा मृग कीनो लव भ्रूभङ्गि विकासी ॥

श्रीगोपेंद्रकुमारमोहनमहाविद्येस्फुरन्माधुरी
सारस्फाररसाम्बुराशिसहजप्रस्यंदिनेत्राञ्चले ।
कारुण्यार्द्र कटाक्षभङ्गिमधुरस्मेराननाम्भोरुहे
हाहा स्वामिनि राधिके मयि कृपादृष्टि मनाङ्निक्षिप॥१८८॥

श्री गोपेन्द्र कुमार मोहन महा विद्ये	=हे श्री नन्द नन्दन के मोहनार्थ महा विद्या स्वरूपे!
स्फुरन्माधुरी सारस्फार रशाम्बुराशि सहजप्रस्यन्दि नेत्राञ्चले	=हे देदीप्यमान माधुरी सार समृद्धि के रस सागर के स्वाभाविक प्रस्रावि नेत्र प्रान्त भागे!
कारुण्यार्द्र कटाक्षभङ्गि!	=हे करुणा पूर्ण स्निग्ध कटाक्ष पातिनि!
मधुर स्मेराननाम्भोरुहे!	=हे सुन्दर मन्द हास्य भूषित मुख कमले!
हा हा स्वामिनि राधिके!	=हा हा स्वामिनि श्रीराधिके!
मयि	=मुझ पर
मनाक्	=तनिक
कृपा दृष्टिम्	=कृपा दृष्टि
निक्षिप	=पात कीजिये।

तनिक करि कृपा कटाक्ष विलोको।
हे स्वामिनि! हे राधे! हे मुख कमल हास्य मृदु चोखो॥
हे गोपेन्द्रकुमार मोहिनी! विद्येमहा! प्रवीने!।
हे माधुरी सार रस सागर! नेत्र कोण द्रवि भीने॥
हे करुण स्नेह सानी सुकटाक्ष भङ्गिमा शोभे!।
निज हित को आधार रूप छवि ढरे कृपा अरु लोभे॥

ओष्ठप्रांतोच्छलितदयितोद्गीर्णतांबूलरागा
रागानुच्चैर्निजरचितया चित्रभंग्योन्नयंती।
तिर्यग्ग्रीवा रुचिररुचिरोदञ्चदाकुञ्चितभ्रूः
प्रेयः पार्श्वे विपुलपुलकैर्मण्डिताभाति राधा॥१८६॥

ओष्ठ प्रान्तोच्छलित	=
दयितोद्गीर्ण ताम्बूलरागा	=प्रियतम के उगले हुए पान की लाली से जिनके ओष्ठ रङ्गीन हो रहे हैं
तिर्यग्ग्रीवा	=ग्रीवा को तिरछी करके

रुचिररु =अत्यन्त सुन्दरता
चिरोदञ्चद् से कुछ उठी हुई
आकुञ्चतभ्रू: =भृकुटि को बंक किये हुए
निजरचितया =अपने ही रचित
चित्रभङ्गया =विचित्र कौशल से
रागान् =रागों को
उच्चै: =ऊँचे स्वर से
उन्नयन्ती गान करती हुई,
विपुल पुलकै =प्रचुर रोमाञ्च
र्मण्डिता भूषित
राधा =श्रीराधा
प्रेय: =प्रियतम के
पार्श्वे =पास में (वाम भाग में)
भाति =विराजमान हैं।

राजति स्वामिनि पिय के अङ्क।
निज चर्वित ताम्बूल अधर सो देति लाल निसंङ्क॥
इहि अवसर अरुणारे झलकैं मधुर अधर मृदु न्यारे।
अद्भुत उच्च स्वरनि बहु रागिनि तिरछी ग्रीव उचारे।
गानरचित निज-भौंह रुचिर कछु दोनों सिमिट लुभानी॥
कौशल राग सिद्धि सों निजहित पुलकित आनँद सानी।

किं रे धूर्त्तप्रवर निकटं यासि नः प्राणसख्या
नूनं बालाकुचतटकरस्पर्शमात्राद्विमुह्येत्।
इत्थं राधे पथिपथि रसान्नागरं तेनुलग्नं
क्षिप्त्वा भंग्या हृदयमुभयोः कर्हि संमोहयिष्ये॥१६०॥

रे धूर्त प्रवर! =अरे वञ्चक शिरोमणे!
नः प्राण =हमारी प्राण
सख्या: प्यारी सखी के
निकटं कि =निकट क्यों जाते
यासि हो
नूनम् =निश्चय ही
बाला =उन बाला के
कुच तट कर =कुच तटी के कर
स्पर्श मात्रात् स्पर्श मात्र से
विमुह्येत् =(तुम) मूर्छित हो जाओगे
राधे =हे श्रीराधे!
इत्थम् =इस प्रकार
पथि रथि =पग पग पर

रसात्	=प्रेम विवश		डाँट कर
ते अनुलग्नम्	=आपका अनुगमन करने वाले	उभयोः	=आप दोनों के
		हृदयम्	=चित्त को
		कर्हि	=(मैं) कब
नागरम्	=नागर शिरोमणि (श्री लालजी) को	सम्मोहयिष्ये	=भली भाँति मोहित (प्रमुदित) करूँगी।
भङ्गयाक्षिप्त्वा	=वचन चातुरी से		

स्वमिनि! कब यह आस पुजोगी।
रसिक लाल नागर तब अनुगत देखति हास्य सजोगी॥
कहौं लाल कौं क्यौंरे धूर्त्त शिरोमणि! इत क्यों आता।
लेश परस कुच या बाला को करिहो याद विधाता॥
हे राधे! सुनि वचन चातुरी तुम अरु लाल बिहारी।
निर्जहित यों विनोद सुमोद युत मोहित तुम पिय प्यारी॥

कदा वा राधायाः पदकमलमायोज्य हृदये
दयेशं निःशेषं नियतमिह जह्यामुपविधिम्।
कदा वा गोविंदः सकलसुखदः प्रेम करणा
दनन्ये धन्ये वै स्वयमुपनयेत स्मरकलाम् ॥१६१॥

राधायाः	=श्रीराधा जी के	नियतम्	=नियमित
दयेशम्	=कृपा पूर्ण	उपविधिम्	=विधि विधान को
पदकमलम्	=पद कमल को	कदा	=(मैं कब
हृदये	=हृदय में	जह्याम्	=त्यागूँगी (तथा)
आयोज्य	=धारण करके	सकल सुखदः	=सकल सुखप्रद
इह	इस जीवन में	गोविन्दः	=श्री लाल जी मुझ
निःशेषम्	=सर्वाङ्ग रूप से	अनन्ये धन्ये	अनन्य धन्य को

प्रेम करणात्	=प्रिया जी की कृपा भाजन जान	स्मरकलाम्	=विहार परिपाटी की
		कदा	=कब
स्वयम्	=स्वयं ही	उपनयेत	=शिक्षा देंगे।

मन राधा पद पंकज उर धरि।
संसृति हेतु विहित धर्मनि तजि काम मुक्त ह्वै हो इक किंकरि॥
कब तब गोविन्द मुहि अनन्य अरु धन्य जानि निज गनि अपनावें।
निजहित अधिकारिन लखि सेवा स्वामिनि काम कला सिखलावें॥

कदा वा प्रोद्दामस्मरसमरसंरंभरभस
प्ररूढस्वेदांभःप्लुतलुलितचित्राखिलतनू।
गतौ कुञ्जद्वारे सुखमरुति संवीज्य परया
मुदाहं श्री राधारसिकतिलकौ स्यां सुकृतिनी॥१९२॥

प्रोद्दाम स्मर समर संरम्भ रभस	=निर्बाध काम संग्राम की उत्कण्ठा के वेग से	सुख मरुति	=सुख से वायु प्राप्त हो सके
		कुञ्जद्वारे	=ऐसे कुञ्ज द्वार पर
प्ररूढ स्वेदाम्भः	=उत्पन्न स्वेद सलिल द्वारा (जिनके)	गतौ	=विराजमान (उन)
		श्री राधा रसिक तिलकौ	=श्री राधा एवं रसिक शेखर (लाल जी को)
प्लुत लुलित चित्राखिलतनू	=शरीर सर्वांग सिक्त शिथिल एवं विचित्र हो गये हैं (तथा जहां)	परयामुदा	=परम प्रीति से
		सम्वीज्य	=सम्वीजन (बयार) करके

अहम्	=मैं	सुकृतिनी	=भाग्यशालिनी
कदा वा	=कब	स्याम्	=होऊँगी।

कब अस सुकृत उदय हो प्यारी।
श्रमित जानि सँग लाल सेज पर करूं व्यजन सों ब्यारी॥
भर संग्राम काम आवेशित वेग, स्वेद सों साने।
देह उभय भए शिथिल तरातर चित्रित श्रम कछु भाने॥
परम हर्ष सों देखि दशा अस निकट कुञ्ज दर ठाढी।
भीतर कुञ्ज धाइ निजहित करों सेव प्रीति उर बाढी॥

मिथः प्रेमावेशाद्घनपुलकदोर्वल्लिरचित
प्रगाढाश्लेषेणोत्सवरसभरोन्मीलितदृशौ।
निकुञ्जक्लृप्ते वै नवकुसुमतल्पेधिशयितौ
कदा पत्संवाहादिभिरहमधीशौ नु सुखये ॥१९३॥

मिथः	=परस्पर		वाले
प्रेमावेशाद्घन-पुलक	=प्रेम के आवेश से सान्द्र रोमांच युक्त	निकुञ्जक्लृप्तेवै	=(तथा) निकुञ्ज में सुसज्जित
दोर्वल्लिरचित	=भुज लताबद्ध	नव कुसुम तल्पे	=नूतन कुसुम शय्या पर
प्रगाढाश्लेषेण	=प्रगाढालिंगन से	अधिशयितौ	=विराजमान
उत्सव रस	=उत्सव रस के	अधीशौ	=अपने अधीश्वर (प्रियाप्रियतम) को
भरोन्मीलित दृशौ	आधिक्य द्वारा अर्ध निमीलित नेत्र	कदा नु	=(मैं) कब

पत्सम्वाहादिभिः	=पाद सम्वाहनादि (चरण सेवा आदि से)	सुखये	=सुखित करूँगी ।

लहौं तब सेवा पद सम्वाहन ।
निज अधीश्वरिनु सुखित करौं यों हियो भयौ रस चाहन ।।
जबै निकुञ्ज निभृत मधि नव दल कुसुमित सेज रची हो ।
प्रेमावेश परस्पर पुलकित घन भुज लता खचो हों ।।
गाढ़ालिगन उत्सव रति भर दृष्टि मिचीं रस सानी ।
शयन किये हों युगल आनन्दित निजहित सब रस खानी ।।

मदारुणविलोचनं कनकदर्पकामोचनं
महाप्रणयमाधुरीरसविलासनित्योत्सुकम् ।
लसन्नववयःश्रिया ललितभंगिलीलामयं
हृदा तदहमुद्वहे किमपि हेमगौरं महः ।।१६४।।

मदारुणविलोचनम्	=मद मत्त रक्त नेत्र वाले,	नव वयः श्रिया लसत्	=नूतन (कैशोर) वय श्री से शोभित,
कनकदर्पका-मोचनम्	=स्वर्ण के सौन्दर्य्य गर्व को खर्व करने (वाले)	ललितभङ्गि	=ललित परिपाटी से युक्त
महा प्रणय माधुरी	=महा प्रणय माधुरी के	लीलामयम्	=लीला स्वरूप
		तत्	=उस
रस विलास	=रसमय विहार के लिये	किमपि	=किसी अनिर्वचनीय
नित्योत्सुकम्	सतत उत्कण्ठित,	हेम गौरम्	=स्वर्णवत् गौर
		महः	=तेज को

अहम्	=मैं	उद्वहे	=धारण करता हूँ।
हृदा	=हृदय में		

कनक गौर द्युति हिय नित धारौं ॥
जाके युगल नैंन अरुणारे मद उन्मत्त निहारौं ॥
कञ्चन प्रभाविनिन्दक निजहित महा प्रणय रस सानी ।
नित्य विलास उल्लसित वय नव लीला ललित सुहानी ॥

मदाघूर्णन्नेत्रं नवरतिरसावेशविवशो-
ल्लसद्गात्रं प्राणप्रणयपरिपाटयां परतरम् ।
मिथो गाढाश्लेषाद्वलयमिव जातं मरकत
द्रुतस्वर्णच्छायं स्फुरतु मिथुनं तन्मम हृदि ॥१९५॥

मदाघूर्णन्नेत्रम्	=मद से घूर्णित नेत्र वाला,	वलयमिवजातम्	=मानो कङ्कणाकृति को प्राप्त,
नवरति रसावेश	=नूतन रति रस के आवेश से	मरकत	=इन्द्रनील मणि तथा
विवशोल्लसत्	=विवश तथा उल्लसित	द्रुतस्वर्णच्छायम्	=तरल कनक के समान कान्तिमय
गात्रम्	=अङ्ग वाला,		
प्राण प्रणय	=प्राणाधिक		
परिपाटयाम्	प्रेम परिपाटी से	तत्	=वह
		मिथुनम्	=युगल
परतरम्	=सर्वातिशायी	मम	=मेरे
मिथो	=परस्पर	हृदि	=हृदय में
गाढाश्लेषात्	=गाढालिङ्गन से	स्फुरतु	=प्रकाशित हो।

फुरै उर गौर श्याम जुरि ज्योती ।
इन्द्रनीलमणि सम इक द्रवित कनक छवि मय अनहोती ॥
मद उन्मत्त नैंन नव रति रस पूर्ण विवश तन फूले ।
एकीभूत प्राणगति सर्वाङ्गीण प्रेम अनुकूले ॥
वलयाकार परस्पर मिथुनी भूत-आलिंगित राजैं ।
निजहित उर अभिलाष सतत यों युगल हृदय में भ्राजैं ॥

परस्परं प्रेमरसे निमग्नमशेषसंमोहनरूपकेलि ।
वृन्दावनांतर्नवकुञ्जगेहे तन्नीलपीतं मिथुनं चकास्ति ॥१९६॥

परस्परं प्रेमरसे	=परस्पर के प्रेम
निमग्नम्	रस में डूबा हुआ,
अशेष सम्मोहन-रूप केलि	=जिसका रूप एवं केलि विश्व विमोहन वाली है,
वृन्दावनान्तः नव	=वृन्दावन के
कुञ्ज गेहे	=मध्य नूतन कुंज सदन में
नीलपीतम्	=नील पीत वर्ण वाला
तत्	=वह
मिथुनत्	=युगल (तेज)
चकास्ति	=देदीप्यमान हो रहा है ।

श्री वृन्दावन नव निकुञ्ज में ।
नील पीत अनुपम द्युति मिथुनी राजत्ति अद्भुत रसद पुञ्ज में ॥
सुरत केलि नित रचत परस्पर मोहे अखिल चराचर लोक ।
इक रस प्रेम परस्पर साने निजहित कुशल कला कल कोक ॥

आशास्य दास्यं बृषभानुजाया
स्तीरे समध्यास्य च भानुजायाः ।
कदा नु वृन्दावनकुञ्जवीथी
ष्वहं नु राधे ह्यतिथिर्भवेयम् ॥१९७॥

वृषभानुजायाः	=श्री वृषभानु नंदिनी (आप) के	राधे	=हे श्री राधे !
दास्यम्	=कैंङ्कर्य की	वृन्दावन कुञ्ज-वीथीषु	=श्री वृन्दावन की कुञ्ज गलियों में
आशास्य	=कामना (मन में) रख कर	कदा नु	=क्या कभी (मैं)
भानुजायाः च	=और यमुना जी के	अतिथिः नु	=अभ्यागत होकर
तीरे	=तीर पर	भवेयम्	=निवास करूंगा ।
समध्यास्य	=निवास करके		

भानु नंदिनी यमुना कूल ।
दृढ़ निष्ठा वृषभानुनंदिनी भाव किंकरी मन अनुकूल ॥
विचरौं श्री वन कुञ्ज गलिन में निजहित अभ्यागत जिय भावें ।
कब ऐसौ सौभाग्य होइगो गनि हौं सुफल मनुज तन दाव ॥

कालिंदीतटकुंजे पुंजीभूतं रसामृतं किमपि ।
अद्भुतकेलिनिधानं निरवधि राधाभिधानमुल्लसति ॥१६८॥

कालिन्दी तट कुञ्जे	=श्री यमुना तटवर्त्ति निकुंज में	पुञ्जीभूतं	=घनीभूत
अद्भुत केलि निधानम्	=विचित्र केलि परम्परा का निधान	रसामृतम्	रसामृत (तत्त्व)
किमपि	=कोई अनिर्वचनीय	निरवधि	=असीम रूप से
राधाभिधानम्	=श्रीराधा नामक	उल्लसति	=उल्लसित (प्रकाशित) हो रहा है ।

कूल कलिन्दी कुञ्ज वेश में।
अकथनीय रसामृत पुञ्जीभूत रहै कैशोर वेश में ॥
अपरम्पार केलि निधि अद्भुत रूप उल्लसित सोहै ।
निजहित स्वामिनि राधा नामनि कामनि सम नहिं कोहै ॥

प्रीतिरिव मूर्तिमती रससिंधोः सारसंपदिव विमला ।
वैदग्धीनां हृदयं काचन वृंदावनाधिकारिणी जयति ॥१९९॥

मूर्तिमती	=मूर्त्ति धारिणी		हृदय (सार) रूपा
प्रीतिरिव	=प्रीति के समान	काचन	=कोई अनिर्वचनीय
रससिन्धोः	=रस समुद्र की	वृन्दावनाधि-कारिणी	=श्री वृन्दावन की स्वामिनी
विमला	=निर्मलतम	जयति	=सर्वोत्कर्ष रूप से विराजमान है।
सार सम्पत् इव	=सार भूत सम्पत्ति ही		
वैदग्धीनाम् हृदयम्	=समस्त चातुरी की एक मात्र		

सर्वोपरि विपिनाधिकारिणी।
राजति विजयी अकथ स्वामिनी चेरिनु हित प्रतिपारिणी ॥
सहज स्वरूप प्रीतिमइ मूरति सार विमल रस सिन्धु ।
सम्पति, चतुर शिरोमणि सखियनु निजहित हिय विधि इन्दु ॥

रसघनमोहनमूर्ति विचित्रकेलिमहोत्सवोल्लसितम् ।
राधाचरणविलोडितरुचिरशिखंडं हरिं वंदे ॥२००॥

रसघन मोहन	=घनीभूत रस	विचित्र केलि महो-त्सवोल्लसितम्	=विचित्र रति विहार के महोत्सव से उल्लास युक्त
मूर्त्तिम्	की मोहन मूर्त्ति		

राधा चरण	=श्री राधा के		मोर मुकुट वाले
विलोडित	युगल चरणों से मथित (अतएव चरण प्रभा से)	हरिम्	=श्री हरि की (मैं)
		वन्दे	=वन्दना करता हूँ।
रुचिर शिखण्डम्	=कान्ति जनक		

रसघन मोहन मूरति लाल।
वन्दौं श्री हरि, श्री राधा पद नमत प्रीति प्रतिपाल॥
प्यारी चरण धरें जहँ तहँ सिर मोरपिच्छ परसावै।
निजहित इहि विधि अद्भुत केलि महोत्सव उमँगनि भावै॥

कदा गायंगायं मधुरमधुरीत्या मधुभिद
श्चरित्राणि स्फारामृतरसविचित्राणि बहुशः।
मृजंती तत्केलीभवनमभिरामं मलयज-
च्छटाभिः सिंचंती रसह्रदनिमग्नास्मि भविता॥२०१॥

मधुभिदः	=मधुसूदन श्री लाल जी के	अभिरामम्	=उनके सुन्दर
		तत्केलीभवनम्	=केलि सदन को
स्फारामृत रस	=अमृत रस से भरे	मृजन्ती	=मार्जन करती, एवं
विचित्राणि	=विचित्र	मलयजच्छटाभिः	=चन्दन (जल) धाराओं से
चरित्राणि	=लीला चरित्रों का		
		सिञ्चन्ती	=सींचती हुई
मधुरमधुरीत्या	=अत्यन्त मधुर रीति से	कदा	=(मैं) कब
		रसह्रदे	=रस सरोवर में
बहुशः	=बारबार		
गायं गायम्	=गान करती हुई	निमग्ना	=निमग्न
		भवितास्मि	=हो जाऊँगी।

ह्वै हौं तव कहुं रस निधि लीन ।
रसघन अमृत पूर्ण सुयश मधुसूदन गाऊँ नवीन ॥
चरित अनन्त मधुर कहि केलि भवन वन कुञ्ज बुहारौं ।
निजहित मलयज धार सींचि बहु रस लहरी विस्तारौं ॥

उदंचद्रोमांचप्रचयखचितां वेपथुमतीं
दधानां श्रीराधामतिमधुरलीलामयतनुम् ।
कदा वा कस्तूर्या किमपि रचयंत्येव कुचयो-
र्विचित्रां पत्रालीमहमहह वीक्षे सुकृतिनी ॥२०२॥

अहह	=अहह
उदञ्चत् रोमाञ्च	=अतिशय
प्रचय खचिताम्	रोमाञ्च समूह से युक्त
वेपथुमतीम्	=प्रकम्प शालिनी
अति मधुर	=अत्यन्त मधुर
लीलामय तनुं	=लीला वपु को
दधानाम्	धारण करने वाली
श्री राधाम्	=श्री राधा जी को
कस्तूर्या	=मृगमद से

कुचयोः	=कुच युगल पर
किमपि	=कोई अभूत पूर्व
विचित्राम्	=भली भाँति
पत्रालीम् रचयन्ती एव	विचित्र पत्रावली रचना करती हुई
अहम्	=मैं
सुकृतिनी	=भाग्यशालिनी
कदा वा वीक्षे	=कब दर्शन करूँगी ।

सुभग कब राधा दरसन पाऊँ ।
पुलकित अति शोभित कम्पित लीला सुमधुर वपु ध्याऊँ ॥
निज कर सों कुच युग पर मृगमद पत्रावलि रचौं शोभी ।
अकथनीय सजि निजहित भावित पुण्य पुञ्ज हिय लोभी ॥

क्षणं सीत्कुर्वन्ती क्षणमथ महावेपथुमती
क्षणं श्यामश्यामेत्यमुमभिलपंती पुलकिता ।
महाप्रेमा कापि प्रमदमदनोद्दामरसदा
सदानंदा मूर्तिर्जयति वृषभानोः कुलमणिः ॥२०३॥

क्षणं सीत् कुर्वन्ती	=कभी सीत्कार करती हुई,
अथ क्षणं महा वेपथुमती	=तथा कभी महा प्रकम्प युक्त होकर
क्षणं श्याम श्याम इति पुलकिता अमुम् अभिलपन्ती	=पुलकित शरीर से हठात् श्याम श्याम इस प्रकार उच्चारण करती हुई,
महा प्रेमा प्रमद मदनोद्दाम	=महा प्रेममयी प्रकृष्ट मद वाले अबाध प्रेम
रसदा	रस को देने वाली,
सदानन्दामूर्त्तिः	=नित्यानन्द स्वरूपिणी
कापि	=कोई एक अनिर्वचनीया
वृषभानोः कुलमणिः जयति	=वृषभानु (पिता) के कुल की मणि (स्वरूपा) असमोर्ध्व रूप से विराजमान हैं।

वृषभानू कुलमणि इक बाला ।
सर्व उत्कृष्ट किशोरी आनन्द मूरति प्रेम विशाला ॥
दान करै रस प्रमद मदन पिय स्वयं प्रेम उन्मादिनि ।
सी सी कहि क्षण कम्पित वपु हे श्याम ! हे श्याम ! प्रवादिनि ॥
अस कहुँ विरह विलाप करति पुन पुलकित रोमाञ्चित ह्वै ।
निजहित राजति प्रेम स्वरूपा भानु कुल मणि वित ह्वै ॥

यस्याः प्रेमघनाकृतेः पदनखज्योत्स्नाभरस्नापित
स्वांतानां समुदेति कापि सरसा भक्तिश्चमत्कारिणी ।

सा मे गोकुलभूपनंदनमनश्चोरी किशोरी कदा
दास्यं दास्यति सर्ववेदशिरसां यत्तद्रहस्यं परम् ॥२०४॥

प्रेमघनाकृतेः	=घनीभूत प्रेम की मूर्त्ति	गोकुल भूप	=गोकुल राज
यस्याः	=जिन (श्री राधा जी) के	नन्दन	=कुमार (श्री लाल जी) के
पदनखज्योत्स्ना-	=चरण नख	मनः चोरी	=चित्त को (बर-वस) हरण करने वाली
भर	=चन्द्रिका के प्रवाह द्वारा	सा	=वह
स्नापित	=स्नापित (भीजे) चित्त व ले (व्यक्ति के)	किशोरी	=श्री किशोरी (राधा जी)
		यत्	=जो
स्वान्तानाम्	=हृदय में	सर्ववेदशिरसाम्	=समस्त उपनिषदों के लिये भी
कापि	=कोई अनिर्वचनीय		
चमत्कारिणी	=चमत्कार पूर्ण	रहस्यम्	=रहस्यभूत है
सरसा भक्तिः	=परम रसीली भक्ति	तत्	=उस (अपने)
		दास्यम्	=कैंकर्य्य को
समुदेति	=भली भाँति प्रकाशित हो जाती है	मे	=मुझे
		कदा दास्यति	=कब प्रदान करेंगी।

परम रहस्य निगम शिर सार।
श्री राधा पद दास्य पाऊँ कब हो ऐसो अधिकार ॥
जो घन प्रेम स्वरूपा स्वामिनि पद नख ज्योति प्रवाहै।
परसत जे जे अद्भुत सरस चमत्कृत भक्तिहिं लाहैं ॥

उन किशोरि जू गोकुल पति सुत लालहि मोहित कीनो ।
निजहित अस महिमा जाकी-ताके चरननि चित दीनो ।।

कामं तूलिकया करेण हरिणा यालक्तकैरंकिता
नानाकेलिविदग्धगोपरमणीवृन्दे तथा वंदिता ।
या संगुप्ततया तथोपनिषदां हृद्येव विद्योतते
सा राधाचरणद्वयी मम गतिर्लास्यैकलीलामयी ।।२०५।।

या हरिणा =जिन (चरणों) को श्री हरि ने
करेण =अपने कर कमल से
तूलिकया =तूलिका द्वारा
अलक्तकैः =महावर से
कामम् =भली भाँति
अङ्किता =अङ्कित (या चित्रित) किया है,
तथा =तथा (जो)
नाना केलि विदग्ध =अनेक विध केलि में चतुर
गोप रमणी वृन्दे =गोपाङ्गनाओं के यूथ में (उनसे)
वंदिता =वंदित हैं,
तथा =और जो
उपनिषदां हृदि =उपनिषदों के हृदय (अन्तस्तल) में
संगुप्ततया एव =गुप्त रूप से ही
विद्योतते =प्रकाशित हैं
लास्यैक =मुख्य रूप से
लीलामयी लास्य (नृत्य) लीला स्वरूप
सा राधा =श्री राधा के
चरणद्वयी वे युगल चरण
मम गतिः =मेरी गति (शरण) हैं।

श्री राधा युग पद अवलम्ब ।
नृत्य कला मम स्वामिनि चरननि वर्णत वेद अचम्भ ।।
गुप्त रहस्य उपनिषद राख्यो गोप रमणि सब वन्दें ।
यद्यपि बहु विधि केलि विदग्धा चिन्तति पद अरविन्दें ।।

श्री हरि निज कर पंकज लै तूलिका चित्र रचि हरषैं ।
निजहित सो अनुपम रस मय पद चिन्तत उर रस वरषैं ॥

सांद्रप्रेमरसौघवर्षिणि नवोन्मीलन्महामाधुरी
साम्राज्यैकधुरीणकेलिविभवत्कारुण्यकल्लोलिनि ।
श्रीवृन्दावनचन्द्रचित्तहरिणी बंधुस्फुरद्वागुरे
श्रीराधे नवकुंजनागरि तव क्रीतास्मि दास्योत्सवैः ॥२०६॥

सान्द्रप्रेम रसौघ वर्षिणि !	=हे घनीभूत प्रेम रस प्रवाह वर्षिणि !
नवोन्मीलन्महा-माधुरी साम्राज्यैक धुरीण केलि-विभवत् कारुण्य कल्लोलिनि !	=हे नूतन उल्लसित महा माधुरी साम्राज्य की मुख्यतम केलि से अतिशय प्रकाशमान कारुण्य सरिते !
श्री वृन्दावन चन्द्र चित्त हरिणीबन्धु स्फुरद्वागरे !	=हे श्री वृन्दावन चन्द्र चित्त मृग वशीकरण समुज्ज्वल रज्जु स्वरूपिणि !
नव निकुञ्ज नागरि श्री राधे !	=हे नव निकुञ्ज नागरि श्री राधे !
तव	=आपके
दास्योत्सवैः	=दास्य रूप उत्सव के लिये
अहम्	=(मैं)
क्रीतास्मि	=खरीद ली गयी हूँ ।

बिकी हौं तव किंकरि वपु हेत ॥टेक॥
हे हे निबिड़ प्रेम रस धार वर्षिणी सघन बदरिया ! ।
हे नव महा मधुर श्री केलि करुण सरि उठत लहरिया ! ॥
हे श्री विपिन चन्द्र चित सारंग बन्धन रज्जु प्रकासी ! ।
हे नव कुञ्ज नागरी ! निजहित हे राधे ! कर दासी ॥

स्वेदापूरः कुसुमचयनैर्दूरतः कंटकांको
वक्षोजेऽस्यास्तिलकविलयो हंत घर्माम्भसैव ।

ओष्ठः सख्या हिमपवनतः सव्रणो राधिके ते
क्रूरास्वेवं स्वघटितमहो गोपये प्रेष्ठसंगम् ॥२०७॥

अहो =अहह
दूरतः =दूर देशं तक
कुसुम चयनैः =फूल चुनने के कारण (हमारी सखी के)
स्वेदा पूरः =स्वेद का प्रवाह बह रहा है (विहार से नहीं) तथा
अस्याः =इनके
वक्षोजे =कुच मण्डल पर
कण्टकाङ्कः =कण्टकों के ही अङ्क हैं (नक्ष क्षत नहीं)
हन्त =खेद है
घर्माम्भसैव =पसीने से ही (इनका)
तिलक विलयः =तिलक मार्जित हुआ है (प्रेष्ठ संग से नहीं)
सख्याः =हमारी सखी का
ओष्ठः =अधरोष्ठः
हिम पवनतः =हिमाद्रि पवन से
सव्रणः =व्रण युक्त है (दंत क्षत से नहीं)
राधिके ! =हे श्री राधिके !
एवम् =इस प्रकार (चातुरी से)
ते स्वघटितम् =आपके निज
प्रेष्ठ सङ्गम् =रचित प्रियतम सङ्गम को
अहम् =मैं
क्रूरासु =क्रूर सखियों से,
गोपये =छिपा लूँगी।

राधिके ! तुव हित कछु चतुराई।
करि हौं सखियन सौं दुराव मिस लखि तव केलि सुहाई॥
रची स्वयं तुम पिय सौं सङ्गम करि रचना जु अनूप।
कहि हौं प्यारी फूल चयन गई दूरि श्रमित भयो रूप॥
क्षत विक्षत कुच कंटक सौं भए अधर फटे अस कारण।
केवल हिम वायू परसी निजहित करुँ सखिन प्रतारण।

पातंपातं पदकमलयोः कृष्णभृंगेण तस्याः
स्मेरास्येंदोर्मुकुलितकुचद्वंद्वहेमारविंदम् ।
पीत्वा वक्त्रांबुजमतिरसान्नूनमंतः प्रवेष्टु-
मत्यावेशान्नखरशिखया पाटचमानं किमीक्षे ॥२०८॥

तस्याः	=उन
स्मेरास्येन्दोः	=हास्य भूषित मुख चंद्र वाली (प्रिया जी) के
पद कमलयोः	=पद कमलों में
पातं पातम्	=बार बार प्रणत होकर
अतिरसात्	=अत्यन्त प्रीति से
कृष्ण भृङ्गेण	=श्री कृष्ण रूपी भ्रमर द्वारा
वक्त्राम्बुजम्	=मुख कमल (रस) का
पीत्वा	=पान करके
अत्यावेशात्	=अत्यधिक आवेश में
नूनम्	=निश्चय ही
अन्तः प्रवेष्टुम्	=(कुच कमल के) भीतर प्रवेश पाने के लिये
मुकुलित कुच द्वन्द्व हेमारविन्दम्	=मुकुलित कुच युगल रूप स्वर्ण कमलों को
नखरशिखया	=नखाग्र घात से
पाटचमानम्	=विदीर्ण होते हुए
किम्	=क्या (मैं)
वीक्षे	=देखूँगी ?

कब लखि हौं रति रस मय झाँकी ।
कनक कमल कुच विकसित मर्दित प्यारे नख रेखाङ्की ॥
लाल तिहारे मुख अम्बुज को पान कियो मधु गाढो ।
मधुकर इव पुन चरण छुवत लोलुप समीप तुव ठाडो ॥
प्रेमावेश प्रवेश कमल कुच में अलि वत पुन चाहैं ।
मधुर हास्य युत तुव विधु आनन निजहित कब अवगाहैं ॥

अहो तेमी कुंजास्तदनुपमरासस्थलमिदं
गिरिद्रोणी सैव स्फुरति रतिरंगे प्रणयिनी ।

न वीक्षे श्रीराधां हरहर कुतोपीति शतधा
विदीर्येत प्राणेश्वरि मम कदा हंत हृदयम् ॥२०६॥

अहो !	=अहह !	कुतोपि	=कहीं भी
अमी	=ये	श्री राधां न	=श्री राधा जी के
कुञ्जाः	=कुञ्ज	वीक्ष्ये	दर्शन नहीं होते हैं,
ते एव	=वे ही हैं,	इति	=यह विचार आते ही
इदम्	=यह		
अनुपम	=उपमा रहित	प्राणेश्वरि !	=हे प्राणेश्वरि !
रास स्थलं	=रास स्थली भी	हन्त	=शोक खेद से
तत् एव	वही है,	मम	=मेरा
रति रङ्गे	=रति काल में	हृदयम्	=हृदय
प्रणयिनी	आह्लाद कारिणी	कदा	=कब
सा एव गिरि-	=गिरि गुहा भी तो	शतधा	=सौ सौ (टूक)
द्रोणी स्फुरति	वही है,	विदीर्येत	=विदीर्ण हो जावेगा।
हर हर !	=(परन्तु। हाय हाय!		

तुम विनु प्राणेश्वरि ! सब फीको।
अचरज महा कुञ्ज सब वे ही देखौं रास थली को ॥
रति रण योग्य गुहा गिरि वे ही हाय हाय उर दाहे।
नँहि दरसौ राधा निजहित जिय टूक टूक भयो चाहै ॥

इहैवाभूत्कुंजे नवरतिकलामोहनतनो
रहो अत्रानृत्यद्दयितसहिता सा रसनिधिः।
इति स्मारंस्मारं मव चरितपीयूषलहरीं
कदा स्यां श्रीराधे चकित इह वृंदावनभुवि ॥२१०॥

मोहन तनोः	=मोहनाङ्गी (श्री प्रिया जी की	इहैव कुञ्जे	=इसी कुञ्ज में,
		नव रति	=नूतन रति केलि

कला (प्रथम मिलन केलि)
अभूत् =हुई थी,
अहो ! =अहह !
दयित सहिता =प्रियतम के साथ
सा =उन
रसनिधिः =रस निधि ने
अत्र =यहीं पर
अनृत्यत् =नृत्य किया था,
श्री राधे ! =हे श्री राधे !
इति =इस प्रकार
तव चरित =आपकी चरितामृत
पीयूष लहरीम् लहरी (भावों) को
स्मारं स्मारम् =बार बार स्मरण करता हुआ
इह =इस
वृन्दावन भुवि=श्री वृन्दावन की भूमि में
कदा =(मैं) कब
चकितः स्याम्=चकित होकर रहूँगा ।

श्री वन चकित भ्रमित यों हेरौं ।
सुमिरत तव लीला चरितामृत राध ! राधे ! टेरौं ॥
अहो कुंज यहि मोहन वपु श्री प्रिया करी नव केली ।
प्राणेश्वर सों रस निधि निजहित रास नृत्य रस झेली ॥

श्रीमद्बिंबाधरे ते स्फुरति नवसुधामाधुरीसिंधुकोटि
र्नेत्रांतस्ते विकीर्णाद्भुतकुसुमधनुश्चण्डसत्कांडकोटिः ।
श्रीवक्षोजे तवातिप्रमदरसकलासारसर्वस्वकोटिः
श्रीराधे त्वत्पदाब्जात्स्रवति निरवधिप्रेमपीयूषकोटिः ॥२११॥

श्री राधे ! =हे श्री राधे !
ते =आपके
श्रीमद्बिम्बाधरे=शोभाशाली बिम्बाधर में
नव सुधा =कोटि कोटि
माधुरी सिन्धु नूतन सुधा
कोटिः माधुरी के सिन्धु
स्फुरति =प्रकाशित होते हैं,
ते =आपकी
नेत्रान्तः =तिरछी चितवन
विकीर्णाद्भुत =अद्भुत कामदेव के
कुसुमधनुश्चण्ड कोटि २ प्रचण्ड

सत्काण्डकोटिः सुन्दर बाणों को बिखेरती रहती है
तव श्री वक्षोजे = आपके श्रीसम्पन्न वक्षोज में से
अति प्रमद = कोटि २ अत्यन्त
रस कला सार प्रकृष्ट मद पूर्ण
सर्वस्व कोटिः रस कला के सार
(स्फुरति) सर्वस्व स्फुरित होते रहते हैं,
त्वत् = (तथा) आपके
पदाब्जात् = चरण कमल से
निरवधि प्रेम = कोटि २ असीम
पीयूष कोटिः प्रेमामृत प्रवाह
स्रवति झरते रहते हैं।

श्री राधे बहु कोटि माधुरी।
तव श्री वपु सहजें दरसें को वरणे प्रकट ना दुरी ॥
कोटि कोटि सागर अमृत श्री अधर बिम्ब जु उलेडें ॥
कोटि कोटि शर मार कुसुम धनु नेत्र भृकुटि तव ठेलें ॥
कुच बहु गाढ़ कला रति सार जु कोटि कोटि दरसावें।
प्रेम पियूष पद्म पद निजहित अमित कोटि सरसावें ॥

सांद्रानंदोन्मदरसघनप्रेमपीयूषमूर्त्तेः
श्रीराधाया अथ मधुपतेः सुप्तयोः कुञ्जतल्पे।
कुर्वाणाहं मृदुमृदुपदांभोजसंवाहनानि
शय्यांते किं किमपि पतिता प्राप्ततंद्रा भवेयम् ॥२१२॥

सान्द्रानन्दो- = प्रगाढानन्द एवं
न्मदरसघन उन्मदरस सम्पन्न
प्रेम पीयूष- = प्रेमामृत की
मूर्त्तेः घनीभूत मूर्त्ति,
कुञ्जतल्पे = कुञ्ज शय्या पर
सुप्तयोः = शयन करने वाले
श्री राधाया = श्री राधा तथा
अथ मधुपतेः लाल जी के
किमपि = अनिर्वचनीय रूप से
मृदु मृदु = अत्यन्त कोमलता
पदाम्भोज पूर्वक चरण कमलों का।
सम्वाहनानि = सम्वाहन करती
कुर्वाणा हुई
शय्यान्ते = शय्या के प्रान्त में

पतिता =लुढक कर	प्राप्त तन्द्रा =तन्द्रा वश हो
किं अहम् =क्या मैं	भवेयम् जाऊँगी ?

तन्दावश कहुँ सेज समीप ।
लुढक परौंगी चरण पलोटति सोइ गये विपिकुञ्ज महीप ।।
अति कोमल (धीरे) पद कमल दुहुँनि के चाँपति रति रस भरि उन्मत्त ।
प्रेमपियूष मूर्ति राधा मधुपति सोये निजहित रस रत्त ।।

राधापादारविंदोच्छलितनवरसप्रेमपीयूषपुंजे
कालिंदीकूलकुंजे हृदि कलितमहोदारमाधुर्यभावः ।
श्रीवृन्दारण्यवीथीललितरतिकलानागरीं तां गरीयो-
गंभीरैकानुरागां मनसि परिचरन् विस्मृतान्यः कदा स्याम् २१३

राधापादार- =श्री राधा चरण	तथा उत्कृष्ट
विन्दोच्छलित कमल से उच्छलित	अनुराग शालिनी,
नव रस प्रेम =नूतन रसमय	श्री वृन्दारण्य =श्री वृन्दावन की
पीयूष पुञ्जे =प्रेमामृत पुञ्ज से सम्पन्न	वीथी वीथी में विराजमान
कालिन्दीकूल =श्री यमुना तट-	ललित रति =ललित रति कला
कुञ्जे वर्ती कुञ्ज में स्थित होकर,	कला सम्पन्न
हृदि कलित =अपने हृदय में	नागरीं ताम् =उन (श्री राधा) नागरी की
महोदार महा उदार	मनसि =मानसिक
माधुर्य्य भावः =मधुर (किंकरी) भाव को धारण करके,	(अन्तश्चिंतित वपु से)
गरीयो गम्भीरै- =(श्री लाल जी	परिचरन् =परिचर्य्या करता
कानुरागाम् =के प्रति) गम्भीर	हुआ

कदा =(मैं) कब
विस्मृतान्यः =अन्य समस्त
स्याम् (प्रपंच) को भुला दूँगा।

कबहुँ सब इतर भावना भूलौं।
एक मात्र राधा सेवा मानसि भाव में झूलौं।
अहा कूल कालिन्दी कमनी राधा पद पद्माङ्कित।
नव रस प्रेम पियूष पुञ्ज उत, इत मो सम जु कलङ्कित॥
अस उदार अति मधुर भावना निर्जहित हृदय सुभामिनी।
श्री वन ललित कला चतुरा प्रियतम हित रागिनि स्वामिनि॥

अदृष्ट्वा राधांके निमिषमपि तं नागरमणिं
तया वा खेलंतं ललितललितानंगकलया।
कदाहं दुःखाब्धौ सपदि पतिता मूर्छितवती
न तामाश्वास्यार्त्तां सुचिरमनुशोचे निजदशाम्॥२१४॥

ललित ललिता-नंग कलया =अत्यन्त ललित काम कला पूर्ण
तया =उन (श्री राधा जी) के
वा खेलन्तम् =साथ क्रीडा करते हुए
राधाङ्के =श्री राधा जी के अङ्क में
निमिषमपि =निमेष मात्र भी
नागरमणिम् =(उन) नागर शिरोमणि (लाल जी) को
अदृष्ट्वा =न देखकर
ताम् =उन
आर्ताम् =विरह से आर्त्त (प्रिया जी) को
न आश्वास्य =विना आश्वासन दिये,
सपदि दुःखाब्धौ पतिता =तत्काल ही दुःख सागर में पड़कर
मूर्च्छितवती मूर्च्छित हुई,
अहम् =मैं
कदा निज दशाम् =कब अपनी (उस) दशा पर
सुचिरम् =चिरकाल तक

अनुशोचे	=पश्चात्ताप करूँगी (अर्थात् मैंने स्वयं सँभल कर		प्रिया जी की उस दुःख में सेवा सँभार न की)

शोक युत उर कब दाह दहौंगी ।
पिय प्यारी को विप्रयोग इक निमिष मात्र जु लखौंगी ॥
तब जब प्यारी श्री राधा संग ललित काम कल केली ।
नागर मणि श्री लाल करत भरि अंक सुरत रस झेली ॥
तिहि अवसर प्यारी अंकम में प्यारे नहि दरसाने ।
सहि न सकी हौं सो वियोग मम सुधि गई होश भुलाने ॥
उत प्यारी विरहातुर सहजहि-उचित हौं धीर बँधाती ।
हा धिक ! धिक ! अवसर चूकी निजहित रहि पछताती ॥

भूयोभूयः कमलनयने किं मुधा वार्यतेसौ
वाङ्मात्रेपि त्वदनुगमनं न त्यजत्येव धूर्त्तः ।
किंचिद्राधे कुरु कुचतटीप्रांतमस्य म्रदीय-
श्चक्षुर्द्वारा तमनुपतितं चूर्णतामेतु चेतः ॥२१५॥

कमलनयने !	=हे कमलाक्षि !	त्यजति	=छोड़ता है,
असौ	=उन(लालजी) को	राधे !	=हे श्री राधे ! (आप)
भूयोभूयः	=(आप) बारबार		
मुधा	=व्यर्थ ही	किञ्चित्कुच-तटी प्रान्तम्	=कुच तट कोर की तनिक
किं वार्यते	=क्यों रोक रही हो,		
धूर्त्तः	=(यह) धूर्त्त	कुरु	=झाँकी (करा दीजिये जिससे)
वाङ्मात्रेऽपि	=वाणी मात्र से कभी		
		अस्य	=इनका
त्वदनुगमनम्	=आपका अनुसरण	म्रदीयश्चेतः	=मृदुल चित्त
नैव	=कदापि नहीं	चक्षुर्द्वारा	=नेत्र मार्ग से

तमनुपतितम्	=उस (कुच तट) पर गिरकर	चूर्णताम्	=चूर चूर
		एतु	=हो जावेगा ।

स्वामिनि ! अस कछु करहु विधान ।
धूर्त्तराज अशंक अनुगत तव तजन नहीं निज बान ॥
हे कमलाक्षी ! यद्यपि तुम तो कोमल बैन निवारो ।
पै यह हठी न कान देत जो मैं कहुँ सोइ करि डारो ॥
जानति हो या को चित कोमल नैनति पथ अनुधावै ।
कुच तट कोर झाँकी सों नजहित चूर चूर ह्वै जावे ।।

किं वा नस्तैः सुशास्त्रैः किमथ तदुदितैर्वर्त्मभिः सद्गृहीतै
र्यत्रास्ति प्रेममूर्त्तेर्नहि महिमसुधा नापि भावस्तदीयः ।
किं वा वैकुण्ठलक्ष्म्याप्यहह परमया यत्र मे नास्ति राधा
किं त्वाशाप्यस्तु वृन्दावनभुवि मधुरा कोटिजन्मातरेपि ।।२१६।।

नः तैः	हमारा उन	नहि तदीयः	=नहीं है या उनका
सुशास्त्रैः किम्	=बृहत् शास्त्रों से क्या (प्रयोजन) है	भावः	=भाव भी
		अपि न अस्ति	=सर्वथा नहीं है,
अथ वा	=अथवा	अहह	=अहह (आश्चर्य)
तदुदितैः	=उनसे प्रतिपादित	परमया वैकुण्ठ	=सर्वोत्कृष्ट वैकुण्ठ
सद्गृहीतैः	=सज्जनों से स्वीकृत	लक्ष्म्यापि	शोभा से भी हमें
		किं वा	क्या लाभ है,
वर्त्मभिः किम्	=पद्धतियों से भी क्या (लेना है)	यत्र मे राधा	=जहाँ हमारी श्री
		नास्ति	राधा नहीं हैं।
यत्र प्रेम मूर्त्तेः	=जिनमें प्रेम विग्रह (श्री प्रिया जी)का	किन्तु कोटि	=किन्तु कोटि २
		जन्मान्तरेपि	=जन्मों में भी
महिमसुधा	=महिमामृत	वृन्दावन भुवि	=वृन्दावन की भूमि

अपि	में ही		मधुर
मधुरा	=(हमारी ऐसी)	आशा अस्तु	=आशा लगी रहे।

उर अभिलाषा एक बनी हो।
योनि कोटि बहु बसों जन्म लै श्री वन महा मधुर अवनी हो॥
कारण इतर थलनि निज स्वामिनि मिलै न प्रेम स्वरूपा राधा।
अरु ताको महिमामृत गाथा भाव माधुरी पुजं न साधा।
भलै विहित सद्ग्रन्थ शास्त्र सत्पथ निजहित जु अनेक प्रचारैं।
शोभायुत वैकुण्ठ रुचै नँहि श्री राधा बिन दीखैं खारे॥

श्यामश्यामेत्यनुपमरसापूर्णवर्णैर्जपंती
स्थित्वास्थित्वा मधुरमधुरोत्तारमुच्चारयंती।
मुक्तास्थूलान्नयनगलितानश्रुबिंदून्वहंती
हृष्यद्रोमा प्रतिपदिचमत्कुर्वती पातु राधा॥२१७॥

श्याम श्याम !	=हे श्याम! हे श्याम!
इति	=इस प्रकार
अनुपम	=अनुपम रस से
रसापूर्ण वर्णैः	पूर्ण वर्ण (नाम) का
जपन्ती	=जप करती हुई तथा
स्थित्वा स्थित्वा	=रुक रुक कर
मधुर-	=मधुरातिमधुर
मधुरोत्तारम्	(उसी नाम का)
उच्चरयन्ती	=उच्च स्वर से उच्चारण करती हुई,
नयन गलितान्	=(एवं) नेत्रों से झरते
मुक्तास्थूलान्	=मोतियों के समान स्थूल
अश्रु बिन्दून्	=अश्रु बिन्दुओं को
वहन्ती	=धारण करती हुई,
हृष्यद्रोमा	=रोमाञ्च भूषिता
प्रतिपदि	=क्षण क्षण में
चमत्कुर्वती	=चमत्कार (उद्दीपन) को प्राप्त
राधा	=श्री राधाजी हमारी
पातु	=रक्षा करें।

(श्री) राधे ! अब तो आप उबारौ ।
पुलकित रोमनि लाल आगमन प्रतिपद शंक सँभारौ ॥
लाल प्रेम में विह्वल हा हे श्याम ! श्याम ! उच्चारौ ।
नैन विशाल टपाटप मोतिन सम अश्रुनि उर ढारौ ॥
जनु बहु स्थूलनि मुक्ताफल की सघन झरी लागी हो ।
इहि विधि उत्कंठित निज हित तव चरननि मति पागी हो ॥

ताद‍ृङ्मूर्त्तिर्व्रजपतिसुतः पादयोर्मे पतित्वा
दंताग्रेणाथ धृततृणकम् काकुवादान्ब्रवीति ।
नित्यं चानुव्रजति कुरुते सङ्गमायोद्यमं चे
त्युद्वेगं मे प्रणयिनि किमावेदयेयं नु राधे ॥२१८॥

प्रणयिनि =हे प्रणयिनि
राधे ! श्रीराधे !
ताद‍ृङ्मूर्तिः =मोहन मूर्ति
व्रजपतिसुतः =व्रजेशनन्दन
मे पादयोः =मेरे चरणों में
पतित्वा =गिर कर
अथ =तथा
दन्ताग्रेण धृत =दाँतों में तृण
तृणकम् दबा कर
काकुवादान् =अनुनय विनय
ब्रवीति पूर्ण वचनावली
कहते रहते हैं,
नित्यं च =और नित्य ही
(मेरा)
अनुव्रजति =अनुगमन करते हैं,
सङ्गमायोद्यमं =और आपके सङ्गम
च के लिये (ऐसे सब)
यत्न
कुरुते =करते रहते हैं,
इति मे =इस प्रकार के
उद्वेगम् =(अपने) मानसिक
उद्वेग को (मैं)
किं नु =आपके सम्मुख
कहाँ तक
आवेदयेयम् =निवेदन करूँ ।

स्वम न ! कह कहौं जिय की खेदन ।
हे हे प्रणयिनि ! हे श्री राधे सुनौं तनिक मम वेदन ॥

मोहनि मूरति व्रजपति सुत दसनन में तृण कूं लीने।
शुद्ध भाव बहु दीन वचन कहि मो पाछे लगि दीने॥
कैसे हुँ तुमहि मिलाऊँ मेरी चाटुकारि बहु करते।
इति दीनता लखि प्रियतम की निजहित उर शर गड़ते॥

चलल्लीलागत्या क्वचिदनुचलद्धंसमिथुनम्
क्वचित्केकिन्यग्रे कृतनटनचन्द्रक्यनुकृति।
लताश्लिष्टं शाखिप्रवरमनुकुर्वत् क्वचिदहो
विदग्धद्वंद्वं तद्रमत इह वृन्दावन भुवि॥२१६॥

क्वचित्	=कभी तो	क्वचित्	=फिर कभी
चलल्लीला-	=चलते चलते लीला	लताश्लिष्टं	=लता से आलिंगित
गत्या	=पूर्ण गति द्वारा	शाखि प्रवरम्	=तरुवर का
हंस मिथुनम्	=हंस हंसिनी की चाल का)	अनुकुर्वत्	=अनुकरण करते हैं
		अहो	=अहह! (इस प्रकार)
अनुचलत्	=अनुसरण करते हैं,		
क्वचित्	=और कभी	इह वृन्दावन	=इस वृन्दावन की
केकिन्यग्रे	=मयूरी के आगे	भुवि	भूमि में
कृत नटन	=नाचने वाले	तद्	=वह
चन्द्रक्यनु	=मयूर का अनुकरण	विदग्धद्वन्द्वं	=विदग्ध युगल
कृति	करते हैं,	रमते	=रमण कर रहे हैं।

करत अस श्रीवन युगल विहार।
कहुं कल हंस मिथुन गति लीला पूरण चलहिं निहार।
कहूं मयूर मयूरी आगे तद्वत नृत्यत लार॥
कहूं तरु लता लिपटि लखि निज हित लपटत उर रस ढार॥

व्याकोशेंदीवराष्टापदकमलरुचा हारि कान्त्या स्वया य-
त्कालिंदीयं सुरभिमनिलं शीतलं सेवमानम्।

सान्द्रानंदं नवनवरसं प्रोल्लसत्केलिवृन्दं
ज्योतिर्द्वंद्वं मधुरमधुरं प्रेमकंदं चकास्ति ॥२२०॥

यत्	=जो
स्वयाकान्त्या	=अपनी कान्ति से
व्याकोषेन्दी वराष्टापद-कमलरुचा हारि	=विकसित नील एवं स्वर्ण कमल की शोभा को हरण करने वाला है;
शीतलं सुरभिम्	=शीतल सुगन्धित
कालिन्दीयम्	=श्री यमुनाजी के
अनिलम्	=पवन को
सेवमानम्	=सेवन करता हुआ
सान्द्रानन्दम्	=घनानन्द पूर्ण
नवनव रसम्	=नव नव रस मय
प्रोल्लसत्केलि-वृन्दम्	=केलि कलाओं को उल्लसित करने वाला,
मधुरमधुरम्	=मधुरातिमधुर
प्रेमकन्दम्	=प्रेम का मूल कारण
तत्	=(ऐसा) वह
ज्योतिर्द्वन्द्वम्	=प्रकाश युगल
चकास्ति	=प्रकाशित हो रहा है।

श्रीवन राजति मिथुनी ज्योति।
लाजै नील कनक कमलनि छबि विकसित विपिन उदोति॥
सेवैं सुरभित शीतल अनिल सु-कालिंदी कल-कूल।
निविडानँदमय कन्द मधुर नव केलि प्रेम के मूल॥

कदा मधुरसारिकाः स्वरसपद्यमध्यापय
त्प्रदाय करतालिकाःक्वचन नर्तयत्केकिनम्।
क्वचित्कनकवल्लरीवृततमाललीलाधनं
विदग्धमिथुनं तदद्भुतमुदेति वृन्दावने ॥२२१॥

कदा	=कभी तो
मधुरसारिकाः	=मधुर स्वर वाली सारिकाओं को
स्वरसपद्यम्	=स्वकीय रस पूर्ण

	श्लोक को
अध्यापयत्	=पढ़ाते हुए
क्वचन	=कभी
करतालिकाः	=अपने हाथ से ताली
प्रदाय	=बजा कर
केकिनम्	=मयूर को
नर्त्तयत्	=नचाते हुए
क्वचित्	=तथा किसी समय
कनकवल्लरी	=स्वर्ण लता से
वृत	आलिंगित
तमाल लीला	=तमाल की लीला
धनम्	(अनुरूपता) को धन के समान (आदर देते हुए)
तत्	=वह
विदग्ध	=विदग्ध युगल
मिथुनम्	
वृन्दावने	=श्री वृन्दावन में
उदेति	=प्रकाशित हो रहा है।

प्रकाशित मिथुन विपिन सब ओर।
चतुर धनी धन लीला अमित अपार ओर नहिं छोर ॥
कहुँ कल कण्ठी देखि सारिका निजरस पद्य पढावें।
दै कर तारिनु मोर नचावें लखि मन-मन सरसावें ॥
कनक लता तरुवर तमाल लखि लिपटे उर हरषाने।
निज,हित यों वृन्दावन बिलसत लाड़िलि लाल लुभाने ॥

पत्रालीं ललितां कपोलफलके नेत्राम्बुजे कज्जलं
रंगं बिंबफलाधरे च कुचयोः काश्मीरजालेपनम् ।
श्रीराधे नवसंगमाय तरले पादांगुलीपंक्तिषु
न्यस्यन्ती प्रणयादलक्तकरसं पूर्णा कदा स्यामहम्॥२२२॥

कपोलफलके	=कपोलों पर
ललिताम्	=सुन्दर
पत्रालीम्	=पत्र रचना को, तथा
नेत्राम्बुजे	=नेत्र कमल में
कज्जलम्	=काजल को, और
बिम्बाधरे	विम्बाफल समान अधरोष्ठ

	पर,	प्रणयाद	=प्रेम से यावक रस
रङ्गम्	=रङ्ग का,	लक्तक रसम्	को
कुचयोः	=कुच मण्डल पर	न्यस्यन्ती	=लगाती हुई,
काश्मीरजा	=केसर लेप को एवं	नव सङ्गमाय	=हे नव संगम
लेपनम्		तरले श्रीराधे	चञ्चले ! श्रीराधे !
पादाङ्गुली	=चरणों की	अहम् कदा	=मैं कब कृतार्थ
पंक्तिषु	अंगुलियों में	पूर्णा स्याम्	होऊँगा।

पुरै कब विविध मनोरथ सादर।
मृदु गण्डस्थल ललित चित्र रचूं दृग अरविंदन काजर॥
बिम्बाफल सम ओष्ठ तम्बोलज रंग युगल कुच केसर।
अनुलेपन करि पद अंगुरियनु रञ्जौं यावक देकर॥
हे राधे ! नव संगमार्थ अति चञ्चल भाव तिहारे।
निजहित सब निज कर सेवा रचि सरैं मनोरथ भारे॥

श्रीगोवर्धन एक एव भवता पाणौ प्रयत्नाद्धृतो
राधावर्ष्मणि हेमशैलयुगले दृष्टेपि ते स्याद्भयम्।
तद्गोपेंद्रकुमार मा कुरु वृथा गर्वं परीहासतः
कह्येवं वृषभानुनंदिनि तव प्रेयांसमाभाषये॥२२३॥

भवता	=आपने तो	हेमशैल	=स्वर्ण के शैल
एकः श्री	=एक श्री गोवर्धन	युगले	युगल
गोवर्धन एव	को ही	दृष्टेपि	=देखते ही
प्रयत्नात्	=प्रयत्न पूर्वक	ते भयं स्यात्	=तुम्हें भय हो
पाणौ धृतः	=हाथ पर उठाया		जायेगा
	था,	तद्गोपेन्द्र-	=अतः हे गोपेन्द्र-
राधावर्ष्मणि	=श्रीराधा के शरीर	कुमार	कुमार
	में तो	वृथा गर्वम्	=(तुम) वृथा गर्व

मा कुरु	=मत करो,	परीहासतः	=परिहास पूर्वक
वृषभानु	=हे श्रीवृषभानु	अहम्	=मैं
नन्दिनि !	=नन्दिनि !	कर्हि	=कब
एवं तव	=आपके प्रियतम से	आभाषये	=कहूँगी।
प्रेयासम्	=इस प्रकार		

स्वामिनि ! सुनु कहुँ इक परिहास।
हे वृषभानु नन्दिनी ! तुमरे प्रियतम सों करुँ खास॥
कहि हौं हे गोपेन्द्रसुवन ! क्यों व्यर्थ गर्व में साने।
इक साधारण गिरि कर गोवर्धन धारयौ हम मानें॥
ता में करी सहाय सबन ने, पै राधा तन कवनी।
हेमशैल द्वै देखि भीत क्यों निजहित निज उर अवनी॥

अनंगजयमंगलध्वनितकिंकिणीडिंडिम
स्तनादिवरताडनैर्नखरदंतघातैर्युतः।
अहो चतुरनागरीनवकिशोरयोर्मञ्जुले
निकुंजनिलयाजिरे रतिरणोत्सवो जृम्भते॥२२४॥

अनङ्गजय	=काम विजय रूप	मञ्जुल	=सुन्दर निकुञ्ज
मङ्गल	=मङ्गल की सूचक	निकुञ्ज	=भवन के प्राङ्गण में
ध्वनित	=ध्वनित किंकिणी	निलयाजिरे	
किंकिणी	=ही जहाँ नगारा	चतुर नागरी	=चतुर नागरी एवं
डिण्डिम	=है,	नव किशोरयोः	=नव किशोर का
स्तनादि वर	=स्तनादि के भली		
ताडनैः	=भांति मदन से	रति रणोत्सवः	=काम संग्राम महोत्सव
नखर दन्त	=एवं नख व दन्त		
घातैः युतः	=क्षत से युक्त	जृम्भते	=प्रकाशित हो रहा है।
अहो	=अहह (आश्चर्य)		

अजिर कुञ्ज में सुरत रस केली ।
महा उत्सव निज सहज प्रकाशित मिथुन मधुर रस झेली ॥
नव किशोर अरु चतुर नागरी की करधनि कल बाजत ।
जनु अनंग—जय मङ्गल सूचक शब्द डिंडिमि गाजत ॥
कुच मर्दन ताडन पिय द्वारा दन्तक्षत नख रेखें ।
चरणाघात आदि निजहित रति कोक कला अवरेखें ॥

यूनोर्वीक्ष्य दरत्रपानटकलामादीक्षयंतीदृशो
वृण्वाना चकितेन संचितमहारत्नस्तनं चाप्युरः ।
सा काचिद्वृषभानुवेश्मनि सखीमालासु बालावली
मौलिः खेलति विश्वमोहनमहासारूप्यमाचिन्वती॥२२५॥

यूनोः	=युवक एवं युवतियों की
दरत्रपा नट	=अल्प लज्जायुक्त
कलाम्	=नट तुल्य कलाओं =को
वीक्ष्य	=देखकर
दृशोः	=अपने दोनों नेत्रों =को
आदीक्षयन्ती	=दीक्षित करती हुई,
अपि च	=तथा
चकितेन	=चकित भाव से
सञ्चित महा	=संचित महारत्न
रत्नस्तनं उरः	=रूपी स्तन मण्डल =वाले वक्षस्थल को
वृण्वाना	=ढकती हुई,
विश्वमोहन	=विश्व मोहनार्थ
महा सारूप्यम्	=महा सारूप्य का
आचिन्वती	=संचय करती हुई,
वृषभानु	=श्री वृषभानु
वेश्मनि	भवन में
सखी मालासु	=सखियों के मध्यमें
सा काचित्	=वह कोई
बालावली	=बालाओं की
मौलिः	=शिरोमणि
खेलति	=क्रीडा कर रही है।

विश्व विमोहिनि इक ललनामणि ।
खेलति श्री वृषभानु अजिर में संग सखी तिन में चूडामणि ॥

निरखि युवक युवती कल काम केली औचक निज हृदय लजानी ।
ढांपति निज नव अंकुर सम कुच चकित भई रतनन सम मानी ॥
अस यौवन नव प्रथम दृगनि लखि पाठ पढ़ात मनसिज चटशाला ।
निजहित जनु नव मोहनि विद्या संचत्ति है निज उर नव बाला ॥

ज्योतिः पुंजद्वयमिदमहो मंडलाकारमस्या
वक्षस्युन्मादयति हृदयं किं फलत्यन्यदग्रे ।
भ्रूकोदंडं नकृतघटनं सत्कटाक्षौघबाणैः
प्राणान्हन्यात्किमु परमतो भावि भूयो न जाने ॥२२६॥

अहो	=अहह आश्चर्य है,
अस्याः	=इन के
वक्षसि	=वक्षस्थल पर
इदम्	=यह
मण्डलाकारम्	=मण्डलाकार
ज्योतिः पुञ्जद्वयम्	=दो प्रकाश पुञ्ज (देखते ही)
हृदयं उन्मादयति	=हृदय को उन्मत्त बना रहा है
अग्रे	=आगे
अन्यत्	=और
किं फलति	=क्या फल लाता है (अर्थात् क्या प्रभाव करेगा)
सत्कटाक्षौघ-बाणैः	=तथा कुटिल कटाक्ष रूप बाण समूह से
नकृत घटनं	=युक्त हुए बिना
भ्रूकोदण्डम्	ही भ्रूचाप
प्राणान्हन्यात्	=प्राणों का हनन कर रहा है
अतः परंभूयः	=इससे अधिक बढ़कर (और)
किं भावि	=क्या होने वाला है,
इति न जाने	=यह मैं नहीं जानता ।

अकथ कथा कछु कही न जाई ।
अचरज यौवन युत यह बाला भ्रुकुटी चाप चढ़ाई ।

विन संयोग कटाक्ष बाण बहु मानों प्रान प्रहारी ।
ज्योति पुञ्ज युग मण्डल साजे रहा हिये पर धारी ॥
अजौं क्षोभ मद प्रेरे जिय हठि पाछै कहा बखानी ।
विन संयोग इतो मद व्यापै मिलै ते निजहित हानी ॥

भोः श्रीदामन्सुबल वृषभ स्तोककृष्णार्जुनाद्याः
किं वो दृष्टं मम नु चकिता दृग्गता नैवकुञ्जे ।
काचिद्देवीसकलभुवनाप्लाविलावण्यपूरा
दूरादेवाखिलमहरतप्रेयसो वस्तु सख्युः ॥ २२७ ॥

भोः	=हे हे
श्री दामन्!	=श्रीदामा!
सुबल ! वृषभ !	सुबल ! वृषभ !
स्तोक कृष्ण	=स्तोक कृष्ण !
अर्जुनाद्याः	अर्जुन आदि सखाओ !
वः	=तुम सबने
किन्नु दृष्टम्	=क्या देखा है
मम चकिता	=मेरी चकित
दृक्	(अर्थात् भयभीत) दृष्टि तो
कुञ्ज एव न गता	=कुञ्ज के भीतर जा ही नहीं पाई
सकल भुवना	=अपने लावण्य
प्लावि	=प्रवाह से सकल
लावण्य पूरा	भुवन को आप्लावित करने वाली
काचिद्देवी	=किसी अनिर्वचनीय देवी ने
दूरादेव	=दूर से ही
प्रेयसः सख्युः	=तुम्हारे प्रिय सखा (मेरी)
अखिलं वस्तु	=समस्त (जीवन) वस्तु को
अहरत्	=अपहरण कर लिया है।

सखन सौं बोले श्याम सुजान । (टेक)
हे श्रीदाम !वृषभ ! अर्जुन ! हे सुबल ! हे कृष्ण-स्तोक ! ।
क्या तुम सबने अचरज इक अब दृष्टि कियो अवलोक ॥

अहा चकित दृष्टि हौं बिन ही कुञ्ज प्रवेश विलोकी ।
अकथ एक देवी राजति तहँ द्युति जनु छवी त्रिलोकी ॥
निज लावण्य प्रवाह डुबायौ चहै निखिल जग मानौ ।
अरे सखे ! निजहित मम सर्वस ताहि के हाथ लुटानौ ॥

गता दूरे गावो दिनमपि तुरीयांशमभज
द्वयं दातुं क्षांतास्तव च जननी वर्त्मनयना ।
अकस्मात्तूष्णीके सजलनयने दीनवदने
लुठत्यस्यां भूमौ त्वयि नहि वयं प्राणिणिषवः ॥२२८॥

गावः =गौएँ
दूरे =बहुत दूर
गताः =चली गईं,
दिनमपि =और दिन भी
तुरीयांशम् =चतुर्थांश शेष
अभजत् =रह गया है,
वयं दातुं क्षान्ताः =हम आपको छोड़ कर नहीं जा सकते हैं,
तव जननी च =और तुम्हारी माता भी
वर्त्मनयना =बाट देख रही हैं,
अकस्मात् =(इस प्रकार) अचानक ही
तूष्णीके सजलनयने =मौन सजल नेत्र
दीनवदने =तथा म्लान मुख होकर
त्वयि =तुम्हारे
अस्याम् =इस
भूमौ लुठति =भूमि में लोटने पर
वयम् =हम
नहि प्राणिणिषवः =प्राण धारण नहीं कर सकते हैं ।

सखा लखि श्याम दशा अकुलाने ।
बोले श्याम ! अहो क्यों बेसुध मूर्छित भूमि लुठाने ॥
गिरा मौन, दृग अश्रुनि श्री वपु दीन भये तुम प्यारे ।
कैसे करि यह दशा सहैं नहिं रहि हैं प्रान हमारे ॥

दूरि गई गाइनु को फेरै अस्त भानु तनु थाके।
जननी राह तकति ह्वै है निर्जहित तुहि तजें न वाँके ॥

नासाग्रे नवमौक्तिकं सुरुचिरं स्वर्णोज्ज्वलं बिभ्रती
नानाभङ्गिरनङ्गरङ्गविलसल्लीलातरङ्गावलिः ।
राधे त्वं प्रविलोभयव्रजमणिं रत्नच्छटामञ्जरी
चित्रोदञ्चितकञ्चुकस्थगितयोर्वक्षोजयोः शोभया ॥२२९॥

राधे ! त्वम्	=हे श्रीराधे ! आप
नासाग्रे	=नासाग्र भाग में
स्वर्णोज्ज्वलं	=स्वर्ण से भी
सुरुचिरम्	उज्ज्वल सुन्दरतम
नव मौक्तिकम्	=नूतन मुक्ता को
बिभ्रती (वर्तसे)	=धारण कर रही हो,
नाना भङ्गिः	=नाना विलास परिपाटी सम्पन्न हो,
अनङ्ग रङ्ग विलसत्	=कामोल्लास से विलसित
लीला	=लीला रूपी लहरी
तरङ्गावलिः	समूह से शोभित हो,
रत्नच्छटा	=रत्न कान्ति
मञ्जरी	समूह
चित्रोदञ्चित	=तथा चित्र से चमत्कृत
कञ्चुकस्थगि-तयोः	=कञ्चुकी से आच्छादित
वक्षोजयोः	=अपने उरोज युगल की
शोभया	=शोभा से
व्रजमणिम्	=व्रजमणि श्रीलाल जी को
प्रविलोभय	=लुब्ध करें।

राधे ! छबि मय तुव वपु लोभे ।
अग्र नासिका नव मुक्ता कनकाभ रुचिर अति शोभै ।
सहज स्वरूप विशिष्ट भंगि मनसिज विलासमय प्यारी ।
अनिक तरङ्ग समूह उठत लीला अनूप विस्तारी ॥

ता पै कुच युग रत्न प्रभामय ढके कंचुकी चित्रित ।
व्रजमणि लाल सहज सब विधि मोहित चितवित अरु निजहित ॥

अप्रेक्षे कृतनिश्चयापि सुचिरं वीक्षेत दृक्कोणतो
मौने दार्ढ्यमुपाश्रितापि निगदेत्तामेव याहीत्यहो ।
अस्पर्शे सुधृताशयापि करयोर्धृत्वा बहिर्यापये
द्राधाया इति मानदुस्थितिमहं प्रेक्षे हसन्ती कदा ॥२३०॥

अहो	=अहह (आश्चर्य)
अप्रेक्षे	=अदर्शन का
कृत निश्चयापि	=निश्चय करने पर भी
सुचिरम्	=चिरकाल तक
दृक्कोणतः	=तिरछी चितवनसे
वीक्षेत	=देख लेती हैं,
मौने दार्ढ्यम्	=सुदृढ़ असंभाषण का
उपाश्रितापि	=आश्रय लेकर भी
तामेव याहि	="उसी (दूसरी सखी) के पास जाइये"
इति निगदेत्	=इस प्रकार कह उठती हैं,
अस्पर्शे	=स्पर्श न करने का
सुधृताशयापि	=सुदृढ विचार करके भी
करयोः	=(लाल जी के) दोनों हाथ
धृत्वा	=पकड़ कर
बहिर्यापयेत्	=(कुञ्ज से) बाहिर निकाल देती हैं,
इति राधायाः	=इस प्रकार की श्री राधा जी की
मानदुस्थितिम्	=मान की चञ्चल स्थिति को
हसन्ती	=हँसती हुई
अहं कदा प्रेक्षे	=मैं कब देखूँगी ।

लाडिली ! निरखौं कहुँ सो मान ।
जाते मन तुव होइ अनवस्थित सुनिये करौं बखान ॥
नहिं हेरौं पिय जिय निश्चय दृग कोण सतत तहँ लागे ।
मौन अवलम्बित पै फटकारयो 'जाहु जहाँ रहे रागे' ॥

अङ्ग न परसौंगी हिय हठ, पै करनि जु बाह्य धकेलौ ।
हँसति हँसति देखौं निजहित यों मन गति ठेलम-ठेलो ॥

रसागाधे राधाहृदि सरसि हंसः करतले
लसद्वंशःस्रोतस्यमृतगुणसङ्गः प्रतिपदम् ।
चलत्पिच्छोत्तंसः सुरचितवतंसः प्रमदया
स्फुरद्गुञ्जागुच्छः स हि रसिकमौलिर्मिलतु माम् ॥२३१॥

रसागाधे राधा हृदि सरसि = अगाध रसपूर्ण श्रीराधा हृदय सरोवर में
हंसः = हंस के समान,
करतले = हाथ में
लसद्वंशः = सुन्दर वंशी (धारण करने) वाले,
प्रतिपदम् = पद पद पर
स्रोतसि = प्रत्येक इन्द्रिय तथा रोम-रोमको
अमृतगुणसङ्गः = अमृत सम प्रतीत होने वाले (प्रिया जी के) गुणों में आसक्त
चलत्पिच्छोत्तंसः = चञ्चल मयूरमुकुट धारी,
प्रमदया = प्रिया जी द्वारा
सुरचितवतंसः = सुसज्जित करणाभरण(कुण्डलादि) से अलंकृत,
स्फुरद्गुञ्जागुच्छः = देदीप्यमान गुञ्जाओं के गुच्छ से शोभित
स हि = वही
रसिकमौलिः = रसिक शेखर (लाल जी)
माम् = मुझे
मिलतु = मिलें (अपनायें)।

रसिकमौलि छविमय पिय ध्याऊँ ।
शोभित गुञ्जा गुच्छ माल गल जाकी दासि कहाऊँ ॥
राधा मानस गहन सरोवर हँस, मुरलि कर शोभे ।
अमृत सम प्रतिपद छिद्रन सों आनँद-स्रावी लोभे ॥

केकि पिच्छ चल शीश चन्द्रिका, श्रवण आभरण कमनी ।
रचि रचि रमणिन साजे कर निज हित द्युति विद्युत दमनी ॥

अकस्मात्कस्याश्चिन्नववसनमाकर्षति परां
मुरल्या धम्मिले स्पृशति कुरुतेन्याकरधृतिम् ।
पतन्नित्यं राधापदकमलमूले व्रजपुरे
तदित्थं वीथीषु भ्रमति स महालंपटमणिः ॥२३२॥

अकस्मात्	=अचानक
कस्याश्चित्	=किसी एक के
